नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 219 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 14 जून 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -7 पर

भाजपा द्वारा सभी नए पुराने कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आज

कोर्ट में जवाब देने से बचने जारी किया सम्मिलन आदेश-हरिचरण

पेज -8 पर


अंबिकापुर में विशेष पिछड़ी जनजाति एवं वन अधिकार पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## हमारी सरकार हर वंचित तबके तक उनके अधिकार पहुंचाने के लिए कर रही है कामः मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हमारी सरकार गांवों, किसानों, आदिवासियों, मजदूरों, महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम कर रही है। राज्य सरकार ने हर वंचित तबके तक उनके सामाजिक और आर्थिक अधिकार पहुंचाने का काम किया है।

छत्तीसगढ़ में सरकार बनने से पहले ही हमने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दी थी। इन्हीं पर छत्तीसगढ़ सरकार काम कर रही है। श्री बघेल आज अंबिकापुर के पीजी कालेज हॉकी स्टेडियम में विशेष पिछड़ी जनजाति एवं वन अधिकार पत्र वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लगभग 650 हितग्राहियों को लाभान्वित किया, इनमें 103 लोगों को शिक्षक के लिए नियुक्ति पत्र, 193 हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा, 100 लोगों को आयुष्मान कार्ड, 39 लोगों को स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के शिक्षक के लिए नियुक्ति पत्र के साथ ही 100 किसानों को एटीएम, 50 किसानों को मिलेट के बीज और 10 किसानों को स्प्रेयर वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने शासकीय सेवा का नियुक्ति पत्र पाने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं और वन अधिकार पट्टा प्राप्त करने पट्टाधारकों सहित समारोह में योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले दो महीनों में बेरोजगारों के खातों में हमने लगभग 48 करोड़ रूपए की राशि जारी की है जो सीधे उनके खाते में जा रही है। उन्होंने कहा कि अनेक युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है और प्लेसमेंट के माध्यम से उन्हें नौकरी भी मिल गयी है। आज इस कार्यक्रम में प्लेसमेंट प्राप्त करने वाले पहले बैच के 50 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति के पात्र 103 आवेदको में से 58 पुरूष तथा 45 महिला आवेदकों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति आदेश, वन अधिकार पट्टा वितरण के तहत अन्य परम्परागत वन्य निवासी के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 106 हितग्राहियों समेत कुल 193 हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा का वितरण किया।



### एक नजर

## 18 जुलाई से छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चुनावी साल में मानसून सत्र होने जा रहा है। इसपर राज्यपाल हरिचंदन विश्वभूषण ने मंजूरी दे दी है। विधानसभा की ओर से आधिकारिक रूप से तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। इस बार का मानसून सत्र 18 से 21 जुलाई के बीच होगा। ये 5वीं विधानसभा का 17वां सत्र होगा।

चूंकि नवंबर दिसंबर में प्रदेश में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं, इसलिए ये सत्र सबसे अहम होगा। सूत्रों की मानें तो विधानसभा का ये बिदाई सत्र भी होगा। इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले विधायकों-पत्रकारों का सम्मान किया जायेगा। सत्र में सरकार अनुपूरक बजट पेश करेगी। जिसमें कुछ अहम घोषणाओं की उम्मीद है। विधानसभा सत्र से जुड़ी खबरें सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी का रुख भी सामने आया।

कोसों दूर के चुनिंदा मजदूरों को 58 हजार का भुगतान

## मनरेगा नियमों को धता बता अपनों का हित साध रहे जिम्मेदार!

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत कराए गए व कराए जा रहे कार्यों को लेकर एक से बढ़कर एक सनसनीखेज तथ्य सामने आ रहे हैं। अब मनरेगा योजना के तहत कराए गए एक और पौधरोपण कार्य में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कथित तौर पर अपने करीबियों को लाभ पहुंचाने का मामला सामने आया है।



फारेस्ट विभाग द्वारा कराए गए इस कार्य में कार्यस्थल से कोसों दूर स्थित पंचायत के सिर्फ तीन अलग अलग जॉब कार्ड में नामित 7 मजदूरों को 58 हजार से अधिक राशि का भुगतान किया गया है। हमारी स्वतंत्र पड़ताल में यह भी सामने आया है कि इन 7 मजदूरों में से 6 लोग एक ही परिवार से संबंधित हो सकते हैं। इस मामले में सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध रिकॉर्ड के अवलोकन से यह खुलासा हुआ है कि नेवार क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत कराए गए एक पौधरोपण कार्य में वहां से करीब 25 -30 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्मीपुर पंचायत के कुछ चुनिंदा मजदूरों को हजारों रुपये का भुगतान किया गया है। तो क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत विकास की गंगा कुछ इस तरह बह रही है जिसमें जिम्मेदार खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं और शायद निजी लाभ के लिए बीसियों किलोमीटर दूर के कुछ मजदूरों को हजारों रुपए का भुगतान किया जा रहा है। यह बिलकुल अप्रत्याशित और नियम विरुद्ध है कि एक पंचायत में स्वीकृत कार्य में कुछ ऐसे मजदूरों को मजदूरी भुगतान किया गया है जो उस पंचायत से कई कोस दूर रहते हैं। इस पूरे मामले में गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जैसे कि, क्या जिस पंचायत में काम स्वीकृत हुआ वहां पर सिर्फ कुछ मजदूरों की कमी थी या वे काम करने में रुचि नहीं ले रहे थे? जबकि अधिकांश मजदूर उसी पंचायत के हैं जहां के लिए यह काम स्वीकृत हुआ है। तो कैसे कुछ गिनेचुने मजदूर अपने गांव से कोसों दूर का फासला तय कर रोजगार गारंटी योजना में काम करने के लिए पहुंचते रहे?

*सवाल यह भी कि क्या इस मामले में जिम्मेदारों और दूसरे पंचायत के मजदूरों के बीच किसी तरह के तार जुड़े हुए हैं? यदि इस बात की निष्पक्ष जांच होती है तो निश्चित तौर पर इस मामले में हितों के टकराव की बात सामने आ सकती है। इस मामले को लेकर विस्तृत विवरण व अन्य जिम्मेदारों का पक्ष अपनी आगामी रिपोर्ट में शामिल करेंगें। यह पूरी रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित है।*




### दूसरे पंचायत से नहीं बुलाए गए मजदूर- डिप्टी रेंजर

*इस पूरे मामले को लेकर हमने क्षेत्र के एक संबंधित डिप्टी रेंजर सीएल सिदार से बात की। उन्होंने कहा कि किसी भी दूसरे पंचायत के लोगों से काम नहीं कराया गया है। दूसरे पंचायत के मजदूरों के नाम पर भुगतान के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनके जिम्मेदार अधीनस्थ इस बारे में बेहतर बता पाएंगे। हमारे द्वारा संबंधित फारेस्ट गार्ड मनोज एक्का से संपर्क का प्रयास असफल रहा।*

### इतनी दूर जाकर काम करने की बात संदिग्ध- सरपंच पति

*इस पूरे मामले को लेकर ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के सरपंच पति दिनेश्वर राठिया जो स्थानीय राजनीति में गहरी पैठ रखते हैं, ने बताया कि किसी भी रास्ते से जाने पर नेवार क्षेत्र पहुंचने के लिए 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के तहत इतने दूर के पंचायत में जाकर काम करने की बात संदिग्ध है।*

## तीन दिन की ईडी रिमांड पर भेजा गया अरविंद सिंह



**रायपुर।** ईडी की स्पेशल कोर्ट ने अरविंद सिंह को 3 दिन की रिमांड पर जेल भेज दिया है. 16 तारीख को ईडी फिर से अरविंद को कोर्ट में पेश करेगी. बता दें कि ईडी ने न्यायालय से अरविंद सिंह की 14 दिनों की रिमांड मांगी थी. सुनवाई के बाद जज ने अरविंद सिंह को 16 जून तक ईडी रिमांड पर भेजा है। कोर्ट ने अरविंद सिंह को अपनी माता के निधन के बाद क्रियाकर्म में शामिल होने के लिए आज शाम 5 से 6 बजे तक एक घंटे, इसी तरह कल सुबह 7 से 8 बजे तक एक घंटे शामिल होने की अनुमति दी है. तीनो दिन रिमांड के दौरान 1 घंटे क्रियाक्रम के कार्यक्रमों में ईडी की निगरानी में शामिल होने की अनुमति मिली है. इस दौरान ईडी अरविंद सिंह को उनके घर अपनी सुरक्षा में लेकर जाएगी।

स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर AAP का प्रहार

## बीजेपी कार्यकाल में हुए घोटाले पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई-संजीव झा



**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रेसवार्ता की. DKS और मेकाहारा अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव को लेकर आम आदमी पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी संजीव झा ने कहा, प्रदेश में 8728 पद रिक्त हैं. स्टॉफ सविंदा में है, उन्हें नियमित नहीं किया गया है. समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंद हैं. महतारी एक्सप्रेस की स्थिति खराब है. झा ने कहा, रमन सरकार के कार्यकाल में DKS में खूब घोटाले हुए पर आज तक कोई एक्शन नहीं लिया गया. रमन सरकार के समय राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं की कमी के कारण मरीज़ों को जिला अस्पताल भेजना पड़ता था।

## राज्य सरकार की प्राथमिकता, विकास और लोगों का आत्मविश्वास बढ़ाना है : मंत्री कवासी लखमा

**रायपुर।** उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने नारायणपुर प्रवास के दौरान ओरछा विकासखण्ड में 6 करोड़ 23 लाख 49 हजार रूपये की लागत से ज्यादा के विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार हितग्राहियों को चेक वितरण किया। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों के प्रवेशी बच्चों को जाति प्रमाण पत्र, स्कूल बैग तथा स्कूली छात्र-छात्राओं को गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक का वितरण किया। इसके अलावा उद्यानिकी विभाग द्वारा 20 हितग्राहियों को टूलकिट का भी वितरण, कृषि विभाग के माध्यम से 9 हितग्राहियों को धान बीज वितरण, 8 हितग्राहियों को रागी बीज वितरण, 10 किसानों को अरहर बीज का वितरण किया गया।



इसके अलावा सौर सुजला योजना फेस 7 के तहत् 26 हितग्राहियों को 76 लाख 77 हजार से अधिक रूपये की अनुदान राशि का वितरण किया गया। वहीं वन विभाग के तेंदूपत्ता संग्राहकों के 3 हितग्राहियों को चेक वितरण किया गया। साथ ही एक हितग्राही को 6 लाख रूपये का जनहानि मुआवजा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री लखमा ने कहा कि विगत साढ़े चार वर्षों में राज्य सरकार ने सभी वर्ग के लोगों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर उन्हें लाभांवित किया है।

छत्तीसगढ़ में घोषणा पत्र पर घमासान

## जनता के सामने झूठ बोलकर बनाई सरकार- मंत्री रेणुका सिंह

**रायपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस हमारे लिए कोई चुनौती नहीं है. आप सब जानते हैं कि, 2018 के चुनाव में 36 घोषणा पत्र को लेकर यह जनता के सामने बहुत बड़ा झूठ बोलकर सरकार बना लिए थे, लेकिन इनके साढ़े 4 साल बीत गए घोषणा पूरी नहीं हो पाई है. इसके साथ-साथ भारत सरकार कई मंत्रालयों विभागों के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता के लिए जो राशि भेजती है, पूरी राशि का जन बंदरबांट हो रहा है।

## बजरंगबली हमारे साथ:भाजपा के साथ बजरंग दल- भूपेश बघेल

धान के मसले पर कहा-बीजेपी झूठ को सौ बार बोलती है, ताकि सच लगे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार दोपहर अंबिकापुर में हो रहे संभागीय सम्मेलन में शामिल होने रवाना हुए। इससे पहले रायपुर में उन्होंने पत्रकारों से अलग-अलग मुद्दों पर बात की। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी पर झूठ बोलने परिवारवाद को बढ़ावा देने जैसे आरोप भी लगाए। उन्होंने ये भी कहा है कि बजरंगबली हमारे साथ हैं। CM ने कहा-5 संभाग का सम्मेलन आज खत्म हो जाएगा। शैलजा जी की उपस्थिति में, विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में यह सम्मेलन हुआ है। इससे निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं में उत्साह आया है। आने वाले दिनों में ब्लॉक जिला लेवल में अलग-अलग समिति बनाकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।



### भाजपा का संपर्क अभियान, सिर्फ चुनावी

मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा अभियान को लेकर कहा, हमारी सरकार जब से बनी, तब से हम चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। लगातार दौरे कर रहे हैं। जनता और कार्यकर्ताओं के बीच में रहे हैं, भाजपा अभी जनसंपर्क कर रही है। संगठन के लोगों से भी मुलाकात चल रही है। विधानसभा वार लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में नहीं चलेंगी कई ट्रेन, रेलवे ने जारी किया अलर्ट

**बिलासपुर।** बिपरजॉय चक्रवात गुजरात की ओर तेजी से आ रहा है. मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, तूफान बुधवार या गुरुवार को गुजरात के तट से टकरा सकता है. जिसका असर छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली तीन ट्रेनों पर पड़ेगा. रेलवे ने इनमें से एक ट्रेन 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस ) 14 और 15 जून को रद्द कर दी है। इसी तरह 12950 संतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस को अहमदाबाद स्टेशन में शॉर्ट टर्मिनेट कर दी गई. ये ट्रेन बिलासपुर रेलवे स्टेशन में भी रद्द रहेगी. इसी तरह ट्रेन नंबर 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस भी 13 जून को सुंदरनगर स्टेशन में शॉर्ट टर्मिनेट हो जाएगी।

*पढ़ाई कर रहे युवाओं के लिए मददगार बनी बेरोजगारी भत्ता योजना*

## बेरोजगारी भत्ता प्रकरणों के निराकरण में सरगुजा जिला राज्य में अव्वल

रायपुर। मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश पर शुरू की गई बेरोजगारी भत्ता योजना पढ़ाई कर रहे एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए मददगार साबित हो रही है।



मुख्यमंत्री बघेल के हाथों बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले 50 युवाओं को प्रशिक्षण के उपरांत मिला नियुक्ति प्रमाण पत्र





योजना का लाभ लेकर बेरोजगार युवा खुद को प्रशिक्षित कर रहे हैं और प्रशिक्षण उपरांत नौकरी हासिल कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी भी बन रहे हैं।

अंबिकापुर में रहने वाली सुभद्रा मिंज व स्टेला लकड़ा किराए में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। बेरोजगारी भत्ता मिलने से पुस्तक, कॉपी, पेन ,प्रतियोगी पुस्तकें व परीक्षा फॉर्म भरने में काफी मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमें अब आर्थिक रूप से परिजनों पर आश्रित नहीं रहना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी भत्ता का प्रयोग वो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कर रही हैं । इसी तरह लखनपुर निवासी उमेश चौधरी ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता का उपयोग वे अपनी जरूरत के हिसाब से पढ़ाई लिखाई की सामग्री खरीदने में कर रहे हैं जिससे उन्हें पढ़ाई में परेशानी नहीं हो रही है। आज इनके जैसे ही 50 युवाओं को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के हाथों प्रशिक्षण पूरा करने के बाद नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ है और अब ये अपनी स्वयं की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए सक्षम हो चुके हैं। नियुक्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद प्रशिक्षित युवाओं ने कहा कि वो अपने स्किल में और सुधार लाएंगे ताकि आगे चलकर वो और भी बड़ा लक्ष्य हासिल कर सकें। गौरतलब है कि बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत सरगुजा जिले के 3 हजार 76 आवेदक बेरोजगारी भत्ता हेतु पात्र पाये गये हैं जिन्हें 1 करोड़ 42 लाख 15 हजार का भुगतान किया गया है। सरगुजा जिला 92.4 फीसदी बेरोजगारी भत्ता आवेदनों के निराकरण के साथ पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

## छत्तीसगढ़ में स्कूलों की छुट्टी खत्म, इस तारीख से फिर शुरू होगी पढ़ाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में स्कूली बच्चों की गर्मी छुट्टी समाप्त हो गई है. 16 जून से नए सत्र की शुरुआत के साथ स्कूल खुल जाएंगे. इसके लिए स्कूल शिक्षा विभागकी तरफ से तैयारी शुरू कर दी गई है. राज्य के सभी स्कूलों में 16 जून से 15 जुलाई तक प्रवेश प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा. इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किया गया है. चरणबद्ध तरीके से स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा.

### छत्तीसगढ़ में 16 जून से खुल रहे स्कूल

दरअसल राज्य में इस साल 16 जून को स्कूलों में कक्षाएं लगनी शुरू होगी. इसके साथ एडमिशन भी शुरू हो जाएगा. इस लिए राज्य सरकार इसे प्रवेश उत्सव के रूप में मनाएगी. एक माह तक चलने वाले शाला प्रवेश उत्सव के शुरूआती 10 दिनों के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. पहले दिन सभी स्कूलों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेलऔर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम के संदेश का वाचन किया जाएगा. जनप्रतिनिधियों द्वारा न्यू एडमिशन बच्चों का स्वागत, बच्चों को मिलने वाले सुविधाओं का वितरण किया जाएगा. इसके साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा स्कूल के विकास के लिए शपथ लिए जाएंगे. वहीं बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।



# खाद्यान्नः भंडारण में वृद्धि का लक्ष्य; नई योजना से रुकेगी आनाज की बर्बादी, खाद्य सुरक्षा होगी मजबूत

*हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण क्षमता बनाने की योजना को मंजूरी दी है। इसका मकसद देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना और भंडारण क्षमता में कमी के कारण किसानों को फसल पैदावार के मौसम में कम मूल्य पर की जाने वाली बिक्री से होने वाले नकुसान से बचाना भी है। गौरतलब है कि नई खाद्यान्न भंडार क्षमता योजना लगभग एक लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ शुरू होगी।*

इस समय देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3,100 लाख टन है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत ही है। ऐसे में, देश में खाद्यान्न भंडारण की जो मौजूदा क्षमता 1,450 लाख टन की है, उसे अगले पांच वर्षों में 2,150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड में 2,000 टन क्षमता का गोदाम स्थापित किया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की अहम भूमिका होगी।

भारत में किसान कड़ी मेहनत कर खाद्यान्न उगाते हैं, लेकिन 12 से 14 फीसदी तक अन्न बर्बाद हो जाता है। अधिकांशतः किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता है। अनाज के भंडारण की सही व्यवस्था न होने के चलते कृषि उपज हासिल करने के तुरंत बाद किसानों को उसे बेच देना पड़ता है। देश में मौजूद लगभग तीन चौथाई भंडारण सुविधाएं परंपरागत तरीके से ही संचालित होती हैं और ये प्रतिकूल मौसमी दशाओं जैसे-तेज बारिश, बाढ़, तूफान आदि में अनाजों के बड़े हिस्से को बचा नहीं पाती हैं। देश में अधिकांश कोल्ड स्टोरेज संरचनाएं असंगठित क्षेत्र की हैं, जिन्हें पारंपरिक ढंग से चलाया जा रहा है। अपर्याप्त प्रबंधन की वजह से भंडारों में अनाज को तय सीमा से भी अधिक समय तक रखा जाता है, जिससे कीड़े, चूहे, पक्षियों आदि द्वारा नुकसान की आशंका बढ़ जाती है।



**विश्व की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना से खाद्यान्न की बर्बादी रुकेगी, खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी और ढुलाई खर्च में भी कमी आएगी।**

यदि हम देश में खाद्यान्न संग्रहण तथा प्रबंधन के सरकारी तंत्र की ओर देखें, तो पाते हैं कि भारत में खाद्यान्नों की खरीद, संग्रहण, स्थानांतरण, सार्वजनिक वितरण तथा बफर स्टॉक के रख-रखाव की जिम्मेदारी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की है।

एफसीआई न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से खाद्यान्नों की खरीद करता है। एफसीआई की तरफ से खाद्यान्नों की खरीद राज्य सरकार की एजेंसियों तथा निजी मिलों द्वारा भी की जाती है। खरीदे गए सभी अनाज केंद्रीय भंडार (सेंट्रल पूल) का निर्माण करते हैं। इसके बाद अनाजों को अधिशेष राज्यों से उपभोक्ता राज्यों में वितरण हेतु भेजा जाता है। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बफर स्टॉक हेतु अनाजों का संग्रह एफसीआई के भंडार गृहों में किया जाता है। लेकिन एफसीआई की भंडारण क्षमता अपर्याप्त होने के साथ-साथ विभिन्न राज्यों में उपलब्ध भंडारण क्षमता भी पर्याप्त नहीं है।

ऐसे में, निश्चित रूप से तेजी से बढ़ता हुआ खाद्यान्न उत्पादन अब किसानों के परंपरागत खाद्यान्न भंडारों और सरकार की क्षमताओं के लिए चुनौतीपूर्ण बन गया है। खाद्यान्न उत्पादन कितनी तेजी से बढ़ रहा है, इसका अनुमान हाल ही में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी वर्ष 2022-23 के प्रमुख फसलों के उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान से लगाया जा सकता है। इसके मुताबिक, चालू कृषि वर्ष में 3,305.34 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है, जो अब तक रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन है। साथ ही, इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के तहत उत्पादन बढ़ाने के लिए अधिक धन आवंटन तथा विशेष कार्य-योजनाएं लागू की गई हैं, उनसे भी मोटा अनाज का उत्पादन छलांगें लगाकर बढ़ेगा और अधिक भंडारण क्षमता जरूरी होगी। विश्व की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना को पूरा करने से खाद्यान्न की बर्बादी रुकेगी, खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी और जगह-जगह स्टोरेज होने से किसानों की ढुलाई में आने वाली लागत में भी कमी आएगी। इससे खाद्यान्न आयात पर निर्भरता भी कम होगी। साथ ही, खाद्यान्न भंडारण क्षमता विकसित होने से रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

जयंतीलाल भंडारी

## संपादकीय

### एक साथ सारी नियुक्ति नहीं करेंगे खड़गे!

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपना संगठन बनाना शुरू कर दिया है और शुरुआत गुजरात से की है। ऐसा लग रहा है कि वे बिग बैंग की तरह एक बार में सारी नियुक्तियां नहीं करेंगे, बल्कि राज्यवार एक एक करके पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी। कांग्रेस के एक जानकार नेता का कहना है कि एक बार में सारी नियुक्ति करने पर विवाद की ज्यादा गुंजाइश रहती है। उस पर फोकस बनता है, मीडिया में खबरें बनती हैं और मामूली विरोध भी हो तो उसे बड़ा बना कर दिखाया जा सकता है, जबकि एक एक करके नियुक्ति करने में ऐसे विवाद नहीं होते हैं। यह रणनीति हो सकता है कि सही हो पर सवाल है कि गुजरात से शुरुआत क्यों? गुजरात में कांग्रेस का कुछ भी दांव पर नहीं है। वहां 2024 में भी कांग्रेस का खाता खुलने की संभावना नहीं है फिर भी वही पहले अध्यक्ष की नियुक्ति हुई है और वहां के ही एक नेता को प्रभारी भी बनाया गया है।

राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल को गुजरात कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है। वे अच्छी पसंद हैं। वे पुराने नेता हैं और कांग्रेस के खाम समीकरण में फिट बैठते हैं। वे 1991 से 1995 तक की कांग्रेस की आखिरी राज्य सरकार में मंत्री रहे थे। उनको प्रदेश अध्यक्ष बनाने के साथ ही कांग्रेस ने उनकी जगह दीपक बाबरिया को दिल्ली और हरियाणा का प्रभारी नियुक्त कर दिया। आमतौर पर कांग्रेस में इतनी जल्दी फैसला नहीं होता है। पर सवाल है कि बाबरिया को दिल्ली और हरियाणा का क्या अनुभव है, जिसकी वजह से उनको प्रभारी बनाया गया है?

# क्या अब भी औपनिवेशिक छवि से बाहर नहीं निकल पाई है भारतीय रेल

*पिछले दिनों ओडिशा में हुई विनाशकारी रेल दुर्घटना ने भारतीय जीवन में रेलवे के महत्व पर पूरी दुनिया का ध्यान केंद्रित किया है। अत्यंत भीड़-भाड़ वाली भारतीय ट्रेनों की छवियां ज्यादातर पश्चिमी लोगों को आधुनिक भारत के रूपक की तरह लगती हैं। आबादी में भारत के चीन को पीछे छोड़ देने पर जर्मन अखबार डेयर श्पीगल के कार्टून को ही लें, जो ओडिशा में हुई दुर्घटना से कुछ हफ्ते पहले छपा था। उसमें लोगों से ठसाठस भरी एक भारतीय ट्रेन दिखाई गई है, जो सिर्फ दो यात्रियों वाली चीन की एक ट्रेन से आगे निकल रही थी! पश्चिमी मानस में भारत और भारतीय रेल की ऐसी छवि आती कहां से है?*

वर्ष 2015 में प्रकाशित पुस्तक ट्रैक्स ऑफ चेंज = रेलवेज ऐंड एवरीडे लाइफ इन कॉलोनियल इंडिया की लेखिका के तौर पर मेरा मानना है कि इस सवाल का जवाब 19वीं शताब्दी के विशाल बुनियादी ढांचे संबंधी परियोजनाओं में निहित हैं, जिनकी नींव औपनिवेशिक इच्छाओं व पूंजीवादी जरूरतों के मेल से पड़ी थी। आज भी रोजाना करीब 2.3 करोड़ यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाती भारतीय रेल परिवहन की रीढ़ बनी हुई है। कोरोना से पहले के वित्त वर्ष (2018-19) में भारत में 7.7 अरब लोगों ने रेल यात्राएं की थीं। इसकी तुलना हवाई यात्रा से करें, तो महामारी के बाद 2022 में हवाई यात्रा करने वाले कुल यात्रियों का आंकड़ा महज 12.5 करोड़ ही रहा।

1840 के दशक में जब भारत में पहली बार रेलवे की योजना बनाई गई, तो इसका मुख्य उद्देश्य माल और पशुओं की ढुलाई था। ईस्ट इंडिया कंपनी दरअसल व्यापारिक एकाधिकार की एक व्यवस्था थी, जिसने ब्रिटिश ताज के अधीन रहते हुए धीरे-धीरे भारत के एक बड़े हिस्से पर कब्जा और उस पर शासन किया। कंपनी के निदेशकों को भारतीयों में रेल यात्री बनने की संभावना नहीं दिखती थी। जबकि अनेक लोग न सिर्फ भारतीयों के गतिहीन होने के ब्रिटिश तर्क से असहमत थे, बल्कि अपने समर्थन में वे समुद्री रास्तों से भारतीयों के व्यापार के समृद्ध इतिहास की याद दिलाते थे।



**चाहे विभाजन के समय की भीड़-भाड़ वाली ट्रेनों की तस्वीर हो, या आबादी में चीन को पीछे छोड़ देने पर जर्मन अखबार द्वारा भारत की भीड़ भरी ट्रेन का कार्टून छापना या हाल ही में ओडिशा में हुआ रेल हादसा, पश्चिम में भारतीय रेल अब भी अपनी औपनिवेशिक छवि से बाहर निकल नहीं पाई है।**

इसके बावजूद ब्रिटिश कालीन रेलवे नीति इस औपनिवेशिक सोच पर आधारित थी कि भारत के लोग गरीबी- तंगहाली से ग्रस्त, छोटे-छोटे गांवों में अलग-थलग रहने वाले और धार्मिक रूढ़ियों से घिरे हैं और यात्राएं करने में सक्षम नहीं हैं। यह विचार हालांकि उस औपनिवेशिक सोच से गुंथा था कि रेल नेटवर्क से औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे पूंजीवादी अर्थव्यवस्था को ताकत मिलेगी। रेलवे के विकास का विचार औपनिवेशिक व्यापारिक आधिपत्य की व्यवहारिक जरूरतों से भी जुड़ा था, जो अंग्रेजी उद्योगों के लिए जरूरी कपास जैसे कच्चे माल की आपूर्ति के लिए आवश्यक थीं। भारत के अंदरूनी क्षेत्रों से कच्चे माल को बंदरगाह वाले शहरों तक तेजी व कुशलता के साथ पहुंचाने के लिए रेल व्यवस्था जरूरी थी।

तृतीय श्रेणी के कूपों का किराया कम रख भारतीयों को ललचाने की कोशिश की गई, जो बेशक पूंजीवादी उद्यम के लाभ कमाने के उद्देश्य के उलट थी। पर ब्रिटिश पूंजीपतियों व अंशधारकों को रेलवे से लाभ की चिंता करने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि सरकार ने भारतीय करदाताओं की कीमत पर इन कंपनियों को अपने निवेश पर पांच फीसदी वार्षिक रिटर्न देना सुनिश्चित किया था। तमाम संदेहों के बावजूद भारतीय रेलवे ने बड़ी संख्या में यात्रियों को आकर्षित करना शुरू किया था। 1854 में जब रेल मार्गों पर संचालन शुरू हुआ, तब करीब पांच लाख लोगों ने रेल यात्रा की थी।

रितिका प्रसाद

## मिला जुला

# सड़क निर्माण एंव मुआवजा प्रकरण में भ्रष्टाचार के विरोध भाजपाइयों ने किया चक्का जाम

### भाजपा नेताओं ने किसानों के मुआवजा मे अनियमितता को लेकर कांग्रेस विधायक को किया बेनकाब

जोहार छत्तीसगढ़ - मालखरौदा।



भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के द्वारा मिशन चौक मालखरौदा में सुबह 10 बजे से चक्का जाम किया गया भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता सुबह से सड़कों पर बैठकर भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। जिला अध्यक्ष चन्दा ने कहा कि सक्ती जिले के तीनों विधायक ने अभी तक इस मामले को गंभीरता नहीं लिया है नहीं विधानसभा में उठाया है।जब भाजपा इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरी है। तो बसपा भी साथ में आ गए चुनाव नजदीक होने के कारण चुनावी फायदा लेने के लिए अभी निर्मल सिन्हा ने कहा जब से कांग्रेस सरकार आई है भ्रष्टाचार के अलावा कोई दूसरा काम नहीं किया है जो रोड एडीबी के द्वारा जैजैपुर से मिशन चौक मालखरौदा एंव छोटे सीपत से नगझर होते हुऐ गोबरा तक बहुत लम्बे समय से सड़क निर्माण किया जा रहा है। इसमे अनावश्यक देरी की जा रही है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। किसानों की अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में हल्के स्तर का मटेरियल उपयोग किया गया है जो कि गुणवत्ताहीन है । डामरीकरण मुरुमीकरण सी सी रोड एंव नाली निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया है तथा मुआवजा प्रकरण में भी भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा हैं । एडीबी के गॉइड लाइन एंव स्टीमेट के अनुसार काम नहीं किया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान जगह- जगह गड्डे किये गए थे। उन गड्डों को नहीं भरा जा रहा है। सड़क का किसी भी तरह का मेंटेनेंस भी नहीं किया जा रहा है। चंद्रपुर डभरा खरसिया मार्ग का निर्माण कार्य इतने लंबे समय तक अधुरा है और उसके निर्माण में भारी भ्रष्टाचार किया गया है । हमारी मांग है कि इन सभी अनियमितताओं की उच्चस्तरीय तकनीकी विशेषज्ञों की टीम गठित करके जाँच करायी जावे

इन तमाम अनिमितताओं के कारण जनता को हो रही असुविधाओंको देखते हुए भारतीय जनता पार्टी इसका विरोध करती है।

जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस विषय में पूर्व में बताया जा चुका है । किन्तु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। राज्य के कांग्रेस सरकार के ऐसे रवैये के विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के द्वारा मिशन चौक मालखरौदा में मुख्य मार्ग पर आज़ सुबह 10 बजे से चक्का जाम आन्दोलन किया जा रहा है । आन्दोलन स्थल पर पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग की टीम सुवह से लगी हुई थी।किसी भी की घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क था पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सक्ती अपने दल वल के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के सभी मंडलों को कार्यकता संकड़ों की संख्या में धरना स्थल पर उपस्थित है जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा, पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा,श्रीमती संयोगिता सिंह जुदेव, जिला उपाध्यक्ष भूषण चंद्रा ,पीतांबर पटेल, रंजीत अजग्ले, घनश्याम साहू, अनूप अग्रवाल, राम नरेश सिंह यादव, प्रेम लाल पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष लोकेश साहू, श्रीमती पूनम साहू, मंडल अध्यक्ष चंद्रकुमार चन्दा,बबलू मेथी, घरसीया राम यादव,कवि वर्मा, टिकेश्वर गवेल,गगन जयपुरिया,रुपा सिह,नेतराम चंद्रा आदि कार्यकर्ताओं उपस्थित थे


# अवैध रूप से गुड से बनी कच्ची शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।

बेमेतरा पुलिस के द्वारा एक हेल्प लाईन नंबर 9479257558 का शुभारम्भ किया गया जिसे समाधान नाम दिया गया है। इस नंबर पर आम नागरिकों के द्वारा कभी भी अपनी शिकायत गोपनीय रूप से दर्ज कराया जा सकता है।

एक व्यक्ति से समाधान नंबर पर शिकायत प्राप्त हुआ कि थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम सरदा में अवैध शराब बिक्री हो रही है।

समाधान में उक्त शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता (भा.पु.से.) द्वारा समाधान सेल प्रभारी कौशिल्या साहू एवं थाना बेरला प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल व एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है।



बेमेतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 12.06.2023 को थाना बेरला स्टाफ द्वारा ग्राम सरदा पहुच कर शिकायत के अधार पर चेकिंग किया गया, चेकिंग के दौरान अवैध रूप से धन अर्जित करने के नियत से शराब बिक्री करते आरोपी सिकंदर बंजारे पिता प्रदीप बंजारे उम्र 22 साल साकिन वार्ड नं. 15 सरदा थाना व जिला बेमेतरा को पकडा गया । जिनके पास से गुड से बनी 02 लीटर कच्ची शराब जप्त कर 34(1) ख आबकारी एक्ट के तहत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही किया गया है । उपरोक्त कार्यवाही में समाधान सेल एवं थाना बेरला स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

### पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

# पेट्रोल से भरा टैंकर बन गया आग का गोला, चार की मौत

**पुणे-मुंबई** एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को भयानक हादसा हो गया. दरअसल पेट्रोल ले जा रहा एक टैंकर हादसे का शिकार हो गया, जिससे चार लोगों की मौत हो गई. वहीं दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए. घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे पुणे से मुंबई जाते समय टैंकर पुल पार करते समय उसकी दीवार से टकराकर पलट गया. इसके बाद उसमें भयानक आग लग गई. इस घटना से एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक ठप हो गया. लोनावाला शहर से ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया गया है. फिलहाल रेस्क्यू का काम तेजी से किया जा रहा है.



**अन्य लोग भी बुरी तरह से झुलस**

इस घटना में तीन अन्य लोग भी बुरी तरह से झुलस गए हैं. इन तीन में से दो शख्स बाइक पर सवार थे. यह बाइक घटना वाली जगह से गुजर रही थी. घटना के कुछ ही मिनटों के बाद आईआरबी रेस्क्यू वाहन मौके पर पहुंचा लेकिन टैंकर पलटने की वजह से हुए एक अन्य विस्फोट में वह भी आग की चपेट में आ गया. टैंकर हटाने के लिए आईआरबी की जो क्रेन मौके पर पहुंची थी, वह भी आग की चपेट में आ गई लेकिन मकलकर्मियों ने आग बुझा दी. फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है. मलबा हटाने का काम जारी है. कुछ समय में मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक बहाल करने का काम शुरू किया जाएगा.

# जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन ने छोड़ी नीतीश की कैबिनेट, विपक्ष की एकता मीटिंग से पहले कुनबे में फूट

**बिहार** में विपक्षी की एकत मीटिंग से पहले नीतीश कुमार को बड़ा झटका लगा है। उनके मंत्रिमंडल में शामिल जीतन राम मांझी के बेटे एससी, एसटी कल्याण मंत्री डॉ संतोष सुमन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के बाद डॉ संतोष सुमन और उनकी पार्टी हम की ओर से कहा गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्तर से उनकी पार्टी को जेडीयू में मर्ज करने का दबाव बनाया जा रहा था, लेकिन जीतन राम मांझी इसके लिए तैयार नहीं थे। इसी वजह से सुमन ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जीतन राम मांझी की नाराजगी को लेकर नीतीश कुमार ने विजय चौधरी को मैनेज करने के लिए लगाया था। आज जीतन राम मांझी अपने बेटे के साथ संतोष सुमन के साथ विजय कुमार चौधरी से मिलने गए थे और उन्हीं को इस्तीफा सौंप दिया। वहां से निकलने के बाद जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार अगर उनकी मांग मान लें तो महागठबंधन में बने रहेंगे। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि उनकी मांगें क्या हैं।

### पांच सीटों की मांग की थी

पिछले कुछ दिनों से जीतन राम मांझी नीतीश कुमार से लगातार लोकसभा चुनाव में सीटों को लेकर मांग कर रहे थे। उन्होंने साफ किया था कि लोकसभा चुनाव 2024 में उनकी पार्टी को सम्मानजनक हिस्सेदारी नहीं मिली तो बिहार की सभी 40 सीटों पर चुनाव लड़ सकते हैं।

### केंद्र सरकार का 8 महीने में छठा रोजगार मेला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को छठे रोजगार मेले में 71 हजार 126 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। यह कार्यक्रम 20 से भी ज्यादा राज्यों में करीब 43 जगहों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। PM ने कहा था कि हमारा लक्ष्य है कि देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां मिलें।

# केन्द्र सरकार की योजनाओं को अपना बताकर झूठी वाहवाही लूट रही कांग्रेस- नितिन नबीन

*प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में भ्रष्ट भूपेश सरकार को उखाड़ फेकने कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प*

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।





केन्द्र सरकार के 09 वर्ष पूरे होने पर विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत जिला भाजपा सूरजपुर द्वारा आयोजित प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन के मुख्य आतिथ्य व संभागीय प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव,भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैंकरा,जिला संगठन प्रभारी राजा पांडेय,सहप्रभारी संजय अग्रवाल, पूर्व विधायक रजनी त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गोयल, रामकृपाल साहू,अंबिकेश केशरी, विधानसभा प्रभारी रामेश्वर पाण्डेय, बनारसी जायसवाल, रामनारायण जायसवाल, मोहन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति मे संम्पन्न हुआ। आज यहां सरस्वती शिशु मंदिर सभागार में आयोजित संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों को भाजपा संगठन जोड़कर उनके कल्याण व विकास के लिए मोर्चे का गठन किया गया है। मोर्चा पदाधिकारी अपनी जवाबदारी समझते हुए दायित्वों का निर्वहन करें। प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व मे भाजपा सरकार ने जितना काम किया आजादी के सत्तर वर्षों मे किसी सरकार ने नहीं किया। भाजपा ने जो वादा किया संकल्प के साथ उसे पूरा कर रही है।आज अयोध्या राम मंदिर निर्माण, काश्मीर से धारा 370हटाने की बात केन्द्र सरकार ने साहसिक निर्णय लेते हुए जन आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। केंद्र सरकार ने एमएसपी पर किसानों के धान खरीदी के लिए छत्तीसगढ़ में 75 हजार करोड खर्च कर रही है। आज देश मे महिलाओं के सुरक्षा व स्वच्छता का चिंता करते हुए 11करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट काल मे मोदी सरकार के ऐतिहासिक निर्णय से घर घर मुफ्त राशन पहुंचा। भूपेश सरकार केन्द्र की योजनाओं को अपना बताकर झूठा वाहवाही लूट रही है केंद्र की उडान योजना से बने महामाया एयरपोर्ट को मुख्यमंत्री अपनी योजना बता रहे हैं। भूपेश सरकार ने गोठानो मे बड़ा घोटाला किया है शराबबंदी का वादा कर सरकार मे आने वाली कांग्रेस ने महिलाओं का भरोसा तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का गरीब यदि पक्के मकान से वंचित है तो यह पाप आवास का पैसा रोककर भूपेश सरकार ने किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जनसंपर्क अभियान मे घर घर तक पहुंचकर भ्रष्ट सरकार की पोल खोलकर बेनकाब करें।संभागीय प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि मोर्चा पदाधिकारी अपनी भूमिका तय करते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

विशेष जनसंपर्क अभियान मे एक एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताएं।जिला संगठन प्रभारी राजा पांडेय ने कहा कि भाजपा मोर्चे के माध्यम से संगठन को सशक्त कर रही है।आज पहली बार जिला स्तर पर संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि जिले मे भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी कार्यक्रमो के प्रति सजग रहते हुए पूरी निष्ठा से काम कर रहा है।उन्होंने बताया कि जिले मे चलबो गोठान खोलबो पोल कार्यक्रम मे भाजपा ने हर गोठान पहुंच कर सरकार का पोल खोलने का काम किया है। विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत लोक सभा स्तरीय आमसभा का आयोजन प्रतापपुर के गोविंदपुर में सफलतापूर्वक संपन्न होने पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन जिलामहामंत्री राजेश महलवाला व मुरली मनोहर सोनी एवं आभार प्रदर्शन जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने किया। इस अवसर पर लाल संतोष सिंह भूलन सिंह, पुष्पा सिंह, थलेश्वर साहू,संदीप अग्रवाल,गीता जायसवाल, रितेश गुप्ता,शशि तिवारी,अशोक सिंह,रामानंद जायसवाल, कौशल सिंह,रविंद्र भारती, लालचंद कुर्रे,रामकरण साहू, महबुल्ला रजा, सत्यनारायण जायसवाल,गिरिश गुप्ता, कपिल पाण्डेय, सुनील गुप्ता,मुकेश गर्ग,सुमन सिंह, लक्ष्मी राजवाड़े, दुर्गा गुप्ता,सावन गोयल,शांति सिंह, जयप्रकाश, जगमोहन सिंह, रामशिरोमणि साहू,अजय अग्रवाल, लीलू गुप्ता, सुरेंद्र राजवाड़े सहित बड़ी संख्या भाजपा एवं मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो दर्जन से अधिक लोगों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

*संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में रामानुजनगर क्षेत्र व विश्रामपुर इलाके के दो दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेने वालों मे कई पुराने कांग्रेसी कार्यकर्ता व रिटायर्ड कर्मचारी भी शामिल हैं।*

## एक नजर

### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कृषि और सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने आगामी कृषि कार्यों के लिए मानसून के पूर्व की तैयारियां बीज की उपलब्धता, रासायनिक ऊर्वरक और वर्मी खाद की उपलब्धता एवं भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से आगामी नवंबर दिसंबर में खरीफ फसल के धान खरीदी की पूर्व तैयारियों और धान खरीदी केन्द्रों के समतलीकरण के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने मितान योजनाए धान खरीदी केन्द्रों में धान भंडारण की व्यवस्थाए सोसायटी के कार्य विवरण एवं समस्या, राशन कार्ड, रकबा वेरिफिकेशन, गिरदावरी, बफर लिमिट, भंडारण क्षमता, खरीदी केन्द्रों का चिन्हांकन, बारदाने की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में खाद्य अधिकारीए कृषि विभाग एवं सहकारी बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

# हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेंटर शिवप्रसादनगर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के तहत 93 प्रतिशत अंक के साथ मिला प्रमाण पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह के मार्गदर्शन में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर शिवप्रसादनगर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर से 93 प्रतिशत के साथ प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम प्रमाणन भारत में सर्वोच्च राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन हैं, जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदान करने वाली स्वास्थ्य संस्थान को प्रदान किया जाता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सूरजपुर जिले के विकासखंड भैयाथान के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर शिवप्रसादनगर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम प्रमाण पत्र 93 प्रतिशत से जारी किया है। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर उप स्वास्थ्य केन्द्रों का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टीफि केशन 12 मानकों के आधार पर किया जाता है, जो स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी, मरीज संतुष्टि, क्लिनिकल सर्विसेस, इनपुट, संक्रमण नियंत्रण, सर्पोट सर्विसेस, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आऊटपूट जैसे मानकों की गुणवत्ता का मानक किया जाता है तथा सर्टिफिकेशन का उद्देश्य अस्पतालों की सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए आम जनता तक गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है। 08 मई 2023 को राष्ट्रीय स्तरीय टीम द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का मूल्यांकन किया गया था। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर से सम्मानित होना एवं 93 प्रतिशत प्राप्त करना राज्य एवं जिले के लिये गौरव की बात है।

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम सर्टिफि केशन चार चरण में होता है पहले स्तर पर इंटरनल असिस्मेन्ट दूसरे स्तर पर जिला स्तर से तीसरे स्तर पर राज्य स्तर से चौंथे एवं अंतिम स्तर पर राष्ट्रीय स्तर से मूल्यांकन किया गया था जिसमें जिले के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर शिवप्रसादनगर ने 93 प्रतिशत अर्जित करते हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक राष्ट्रीय स्तर का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। सूरजपुर जिले के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर शिवप्रसादनगर को 93 प्रतिशत अर्जित करने हेतु जिला स्तर से डॉ.दीपक जायसवाल जिला नोडल अधिकारी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर,गनपत कुमार नायक जिला कार्यक्रम प्रबंधक, निलेश गुप्ता जिला अस्पताल सलाहकार विवेक सदन नाविक प्रभारी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सलाहकार,शुभम श्रीवास्तव, मीना सोनी ग्रामीण चिकित्सा सहायक एवं अन्य स्टॉफ का पूर्ण सहयोग एवं योगदान रहा।

# राज्य में भाजपा की सरकार आए तो सर्वप्रथम 16 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास दिया जाएगा : नितिन नवीन

जोहार छत्तीसगढ़ - कुसमी।





भाजपा विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन शंकरगढ़ में किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नवीन पूर्व मंत्री बिहार सरकार विशिष्ट अतिथि संजय श्रीवास्तव सरगुजा संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सोनी जिला प्रभारी अंबिकेश केसरी विधानसभा से सामरी जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नितिन *नवीन ने लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी की सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर नरेंद्र मोदी जी के उपलब्धियों को बताया और कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश के सभी गरीब परिवारों की आवास देने का काम किया साथ ही माताओं बहनो की आशु पोछते हुए उनकी लकड़ी जंगल से लाने की समस्याओं को देखते हुए 11 करोड़ परिवारों को उज्जवला योजना से गैस दिया गया। श्री नवीन ने कहा के किए 44 करोड़ लोगों को बैंक तक नहीं गए थे उनका खाता खुलवाने का काम नरेंद्र मोदी जी ने किया । नरेंद्र मोदी जी कहते थे कि दिल्ली से एक रुपए गरीब के खाते में जाए इसके लिए सभी को खाता खोला गया। आज दिल्ली से डला हुआ पूरा पैसा लोगों के खाते में पहुंच रहा है जनधन खाते के कारण यह संभव हो पाया मताओं बहनों की सुरक्षा के लिए 11 करोड़ शौचालय बनवाया गया और उन को सुरक्षा प्रदान किया गया। 16 लाख गरीब परिवार का आशियाना कांग्रेस की भूपेश सरकार ने छीनने का काम किया है हमारी सरकार राज्य में बनेगा तो सबसे पहले आवास देने का काम पहला सिग्नेचर प्रधानमंत्री आवास गरीबों को देकर किया जाएगा। कश्मीर में लाल किले में एक समय पाकिस्तान का झंडा लहराता था आज 370 हटने के बाद तिरंगा झंडा लहराता है चलिए इस कांग्रेस सरकार को हम सभी उखाड़ फेंके और भाजपा की साफ-सुथरी सरकार बनाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी योजना गौठान मै व्यापक भ्रष्टाचार उजागर हुआ है बिहार में चारा घोटाला का मामला सामने आया था वहां से भी बड़ा गोबर घोटाला इस राज्य में उजागर हुआ है गोबर से खाद्य बनाने के नाम पर किसानों को गोबर के स्थान पर मिट्टी बेचा जा रहा है सामरी के दूरस्थ अंचलों में लोग 9 किलोमीटर दूर राशन लेने जाते हैं बात नल जल योजना की हो या शराब की हो सभी में घोटाले भ्रष्टाचार सामने आ रहे हैं ईडी सीबीआई आम लोगों के घरों में नहीं आता जो लोग काले धन घरों में रखे हैं उसी के घर में छापा पड़ता है कोरोना के समय पूरा विश्व में महामारी के चपेट में था भारत ने माननीय मोदी जी के नेतृत्व में दो भेक्सिन देश में बनवाया और निशुल्क पूरे देशवासियों को टीका लगवाया जिसका परिणाम देश से कोरोना लगभग समाप्त हो गया है महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 80 करोड़ लोगों को निशुल्क चावल दिया गया। संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य के लगभग लोगों को भाजपा सरकार के लाभ प्राप्त हुए और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के अंतिम व्यक्ति तक लाभ और उनके विकास के लिए कार्य किए गए हैं विकास के लिए हमारी सरकार ने गांव गांव तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण करवाया गया वर्तमान में शुद्ध जल के लिए घर-घर जल की व्यवस्था की जा रही है बहुत सारे कार्य को राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रोक के रखे हैं प्रधानमंत्री आवास योजना के लगभग 16 लाख लोगों का पैसा केंद्र को वापस कर दिया बहुत सारी योजनाओं को जो किसानों से संबंधित थे उसे भी राज्य के भूपेश सरकार के द्वारा समाप्त कर दिया गया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने कहां की सामरी विधानसभा में इस बार भाजपा लहर है ब्लॉक कांग्रेस की सरकार को नकार चुके हैं लोगों की समस्याएं किसी प्रकार का हल यहां के विधायक द्वारा नहीं किया जा रहा है आप सभी भाजपा की सरकार बनने में सहयोग प्रदान करें।* कार्यक्रम को पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ऊद्धेश्वरी पैकरा विधानसभा प्रभारी अंबिकेश केसरी एवं राम लखन पैकरा ने भी संबोधित किया।

### कार्य म के दौरान 38 लाभार्थियों को श्रीफल देकर के सम्मान किया गया

इस अवसर पर राम किशून सिंह लाभार्थी सम्मेलन प्रभारी आनंद जयसवाल दीनानाथ यादव कृष्णा गुप्ता प्रवीण अग्रवाल अनिल तिवारी शिवनाथ यादव ओम प्रकाश सोनी शिव शंकर मरावी दिनेश पैकरा,संजय जयसवाल अनिल दुबे जगवंशी यादव तीला साय,सत्यनारायण गुप्ता,आशीष केशरी,राजेश अग्रवाल, नीरज मिश्रा,बुधना राम, शीतल पन्ना गोवर्धन पैकरा प्रभु भगत उमेश ओझा विजय भगत दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर ।** अशोक नगर गुढ़ियारी में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया सुमन साहू 26 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके पड़ोस में रहने वाला आरोपी विजेन्द्र कुमार दास ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी विजेन्द्र कुमार दास 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि पूर्व विवाद को लेकर आरोपिया सुमन साहू एवं सुनीता साहू ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# नकली सामान बेचने वाले दो लोगों के खिलाफ हुई कार्रवाई

**रायपुर ।** विभिन्न कैरेक्टर का नकली बैग बिक्री करने वाले दो लोगों के खिलाफ मौदहापारा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 413 नग बैग जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार नई दिल्ली निवासी शाहिद हुसैना साह 33 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि प्रार्थी के कंपनी का नकली बैग बनाकर आरोपी महेश बजाज 47 वर्ष और भीष्म बजाज 57 वर्ष बिक्री कर रहे है। जिससे पुलिस ने आरोपियों के दुकानों में दबिश देकर 413 नग नकली बैग जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 69875 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा कापी राईट: 63, ट्रेड मार्क अधि 103 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

सफलता की कहानी

# कोरोमुड़ा नाला किसानों एवं मवेशियों के लिए बना वरदान

नाले के उपचार से भू-जल स्तर में हुई वृद्धि

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



**सिंचाई का रकबा बढा, वर्ष भर मिल रहा पानी, वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर से कोरोमुड़ा नाला की बढ़ी सुन्दरता**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में जिले के कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत के कुशल मार्गदर्शन मे चलाए जा रहे नरवा कार्यक्रम के तहत भू-जल, सवर्धन एवं संरक्षण के कार्यो के सकारात्मक परिणाम जिले में भी देखने को मिल रहे हैं। जहां नाले के उपचार से न केवल भू-जल स्तर में वृद्धि हुई है, बल्कि किसानो को सिंचाई के लिए पानी के साथ ही पशुओं को भी बारह महीने पानी उपलब्ध हो रहा है, वाटर रिचार्जिंग के उद्देश्य से सूरजपुर के भैयाथान ब्लाक स्थित ग्राम पंचायत केवरा कोरोमुड़ा नाला में वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण कराया गया। जिसके अनुकूल परिणाम सामने आ रहे है। आसपास के कुंए एवं अन्य जल स्त्रोत भी पुनर्जीवित हुए है। कुएं और बोरवेल का जल स्तर बढ़ने से लगभग 25 हेक्टेयर खरीफ-फसल क्षेत्र की भी सिंचाई हो पा रही है। वहीं रबी के मौसम में भी लगभग 15 हेक्टेयर क्षेत्र इससे सिंचित होगा। भू-जल के बढ़ते स्तर से कृषि के साथ की वनौषधियों के उत्पादन बढ़ोत्तरी देखी गई है। कोरोमुड़ा नाला की कुल लंबाई 2.65 किलोमीटर एवं कुल जल ग्रहण क्षेत्र 930 वर्ग किलोमीटर है। इसमें दो बड़े वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण किया गया है। जिसका लम्बाई 65 मीटर एवं चौड़ाई 50 मीटर उंचाई 03 मीटर है। यह स्ट्रक्चर जिस उद्देश्य के साथ तैयार किया गया है। वह पूरा हो रहा है। वर्षा जल संचयन न होने से जल के अनियंत्रित दोहन और ग्लोबल वार्मिंग के कारण भू-जल स्त्र लगातार घट रहा है। भू-जल स्त्रोत घटने से कई स्तरों पर पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार इन चुनौतियों से निपटने के लिए भू-जल स्तर बढ़ाने के नवाचारी उपायों के तहत नालों के उपचार का कार्य कर रही है।

# केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन भोजन सम्मेलन का आयोजन किया

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।





भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर 30 मई से चल रहे सतत जनसंपर्क अभियान के तहत् भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन जिला भाजपा कार्यालयो सक्ती में वरिष्ठ कार्यकर्ता के साथ टिफि न लंच बॉक्स का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन के प्रभारी रामवतार अग्रवाल, एवं सहप्रभारी रमेश सिंघानिया, पूर्व विधायक खिलावन साहू सक्ती, बाराद्वार, सक्ती ग्रामीण, सारांगाव से आए भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आयोजित की गई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक परिवार है जैसे परिवार में एक वरिष्ठ एवं अभिभावकों का सम्मान होता है उसी प्रकार यह आयोजन हमारे मार्गदर्शक तथा वरिष्ठों का मार्गदर्शन एवं उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम है जिसे केंद्र की मोदी सरकार के सफलतम नौ वर्ष पूर्ण करने पर आयोजित किया गया है। इस तरह के आयोजनों से सभी नये पुराने कार्यकर्ताओं को पूर्व में वरिष्ठजनों के द्वारा किए गए संघर्षों से सीख प्राप्त होती है तथा कैसे भाजपा ने अपने सभी वायदों को संघर्ष के जरिए धरातल में आज सच कर दिखाया है इसकी प्रेरणा मिलती है जिससे नये कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार होता है। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का संघर्षों उन दिनों में भी विना हिम्मत हारे जारी रखा उसी की बदौलत पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन कर सामने आई है। भाजपा संगठन में कार्यकर्ताओं का विशेष सम्मान है यहां हर एक कार्यकर्ताओं को अपनी बात रखने का मौका दिया जाता है तथा कार्यकर्ता भी पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करते हैं इस अवसर पर सक्ती बाराद्वार से आए हुए वरिष्ठ कार्यर्ताओ का सम्मान गमछा, कमल फूल, गुलाब फूल भेंट सम्माननीत किया गया कार्यक्रम में भाजपा जिला सक्ती के पदाधिकारी मिडिया जिला प्रभारी सक्ती नगर मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, संतोष राठौर, प्रभात सिंह ठाकुर, प्रेम लाल पटेल, राम नरेश सिंह यादव, अमन डालमिया, अंकित अग्रवाल,दीपक गुप्ता,दीपक ठाकुर, पहलवान दास महंत, धनंजय नामदेव, चिराग अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, सक्ती ग्रामीण एवं बाराद्वार सरगांव मंडलों के अध्यक्ष,महामंत्री कार्यसमिति सदस्य के साथ सक्ती विधान सभा क्षेत्र से आए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहे।

# हजरत सैय्यद मुसा शहीद रहमतुल्लाह अलैह रतनपुर का 93 सालाना उर्स पाक 17 जुन को

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




मुसा शहीद का सालाना उर्स पाक बड़े ही शानो शौकत के साथ 17 जुन दिन शनिवार को मनाया जाएगा। कमेटी के उपाध्यक्ष मिर्जा अशरफ बेग एवं खजांची अलीम खान, सेक्रेटरी रजा अहमद एवं लंगर इंचार्ज निसार खान ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 जून दिन शुक्रवार शाम 4 बजे जामा मस्जिद करैहापारा से साही संदल चादर निकलकर गश्त करते हुए आस्ताने मूसा शहीद पहुंचेगा जहां पर बाद नमाजे ईशा संदल चादर पेश की जाएगी। जानकारी दी गई कि हर साल साही संदल चादर जनाब अनिल टाह के जानिब से पेश किया जाता है जो इस साल भी बा-दस्तूर शाही संदल चादर पेश की जाएगी दूसरे दिन 17 जून दिन शनिवार को रात्रि 10 बजे से कव्वाली का प्रोग्राम होगा। जो कि कव्वाल जनाब गुलाम वारिस के द्वारा शानदार कव्वाली पेश की जाएगी। कव्वाली के दौरान ही रतनपुर कौमी एकता की मिसाल इस उर्स के अतिथियों का गुलपोशी के साथ सम्मान किया जाएगा। उर्स के दौरान आम लंगर की जारी रहेगा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथिमाननीय अटल श्रीवास्तव अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पयर्टन मण्डल,अध्यक्षता प्रदीप शर्मा मुख्यमंत्री सलाहकार, छग शासन,विशिष्ट अतिथि जनाब प्रमोद नायक अध्यक्ष, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बिलासपुर संभाग,जनाब अरूण सिंह चौहान अध्यक्ष, जिला पंचायत बिलासपुर,जनाब शेख नजुरूद्दीन छोटे पार्षद,सभापति, ननि बिलासपुर जनाब नीरज जायसवाल उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रा. बिलासपुर,जनाब संदीप शुक्ला अध्यक्ष, मण्डी कोटा,जनाब घनश्याम रात्रे अध्यक्ष, नपा प.रतनपुर,जनाब कन्हैया यादव उपाध्यक्ष, नपाप रतनपुर जनाब सुभाष अग्रवाल एल्डरमेन, नपाप रतनपुर,जनाब आशिष शर्मा एल्डरमेन,न.पा.प रतनपुर,जनाब किशोर महावर वरिष्ठ भाजपा नेता,

सम्मानीय अतिथिगण सतीश शर्मा उपाध्यक्ष, महामाया मंदिर ट्रस्ट रतनपुर, जागेश्वर अवस्थी मुख्य पुजारी भैरोबाबा मंदिर रतनपुर दिव्यकांत शर्मा महंत राधामाधव,सिद्धी विनायक मंदिर रतनपुर संतोष शुक्ला ट्रस्टी महामाया मंदिर रतनपुर,आनंद पाठक कथावाचक रतनपुर,आनंद जायसवाल जिला सदस्य पर्यटन मंडल,रूद्र कुमार गुप्ता समाजसेवी,सतीश कुमार कुशवाहा सब्जी मंडी उपाध्यक्ष बिलासपुर,शिवानंद पाण्डेय,अनुराग मरावी,पार्षदपति वार्ड 15,पुष्पकांत कश्यप,अध्यक्ष, युवा कांग्रेस कोटा विधानसभा,संतोष यादव,आचार्य प्रशांत यादव,महामाया पंप, ज्ञानेंद्र कश्यप भाजपा युवा मोर्चा,ललित अग्रवाल समाज सेवी,विजय अग्रवाल समाजसेवी, पवन विश्वकर्मा इस दौरान उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी अखलाख असरफ ी पूर्व अध्यक्ष दरगाह




लुतरा शरीफ ,उपाध्यक्ष खुर्शीद अहमद अशरफी, अशरफ बेग लगंर इंचार्ज,सैय्यद याकुब आगा, निशार खान कार्यकारिणी अध्यक्ष शेख निजामुद्दीन दुलारे भाई, महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर खजांची अलीम खान,सेकेट्री शेख अहमद रजा मान्यता है कि उर्स के दिन बाबा साहब किसी को निराश नहीं करते और सबकी मुरादें पूरी करते हैं उर्स कमेटी हजरत मुशा शहीद एवं मुस्लिम जमात रतनपुर ने अपील किया है कि उर्स में ज्यादा से ज्यादा तादाद में आ कर बाबा साहेब कि दुआवो से फैजयाब होवे इस तरह रतनपुर बाबा हजरत सैय्यद मूसा शहीद रहमतुल्लाह अलैह का 93 वां सालाना उर्स पाक शुक्रवार 16 जून से प्रारंभ होकर 17 जून शनिवार की रात अपने पूरे शबाब पर होगा 18 तारीख को सुबह 7बजे कुल की फातिया के साथ उर्स का समापन किया जाएगा।

## एक नजर

### देवांगन युवा संगठन ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




देवांगन युवा संगठन ने शक्ति के विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रुप से सक्ती शहर में जल समस्या निपटारा के वैकल्पिक व्यवस्था, अतिक्रमण में हटाए गए परिवार का व्यवस्थापन सर्व सुविधा युक्त उद्यान की व्यवस्था,रेलवे स्टेशन में बुजुर्ग एवं दिव्यांग जनों के लिए लिफ्ट निर्माण व प्रथम और द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय निर्माण,कई महत्वपूर्ण ट्रेनों जैसे आजाद हिंद एक्सप्रेस अहमदाबाद एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस, हावड़ा एक्सप्रेस, पोरबंदर एक्सप्रेस का ठहराव, शक्ति शहर से कलेक्टर ऑफिस जेठा तक सिटी बस का संचालन, शराब दुकान को शक्ति शहर के सीमा से बाहर संचालन की व्यवस्था,छोटी सब्जी मार्केट की स्थाई व्यवस्था,राहगीरों एवं आम जनों के लिए जगह-जगह स्वच्छ एवं ठंडा प्याऊ की व्यवस्था करने मांग किया गया। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से देवांगन युवा संगठन के सदस्य गोविंद, देवेंद्र, हेमंत देवांगन, फणेंन्द्र,केशव,विजय, डोमेन, उमेश, लोकेंद्र, लक्ष्मण,सतीश, सुभाष, धनसाय, नरेश, राजेश ने सहयोग।

### प्री.बीएड एवं प्री.डीएलएड परीक्षा 17 जून को

डिप्टी कलेक्टर कंवर नोडल अधिकारी नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा प्री.बीएड एवं प्री.डीएलएड इंट्रेस परीक्षा 2023 आगामी 17 जून 2023 को दो पाली में आयोजित होगी। जिसमें प्रथम पाली प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ शिव कुमार कंवर मोबा.नं.81034-74124 को नोडल अधिकारी एवं प्रधान पाठक रामकुमार चौहान मोबा.नं.88711-65417 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों के लिए 23 जून तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन सूची जारी की गई है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 26 जून 2023 सायं 5.30 बजे तक सीधे परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी में दावा-आपत्ति कर सकते है।

### महानदी पर निर्मित कलमा बैराज के सभी गेट 16 जून से 15 अक्टूबर तक खुले रहेंगे

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

जल संसाधन विभाग ने आम जनता को सूचित किया है कि महानदी पर निर्मित कलमा बैराज के सभी गेट 16 जून 2023 से 15 अक्टूबर 2023 तक खुले रहेंगेए जिससे बाढ़ में बैराज के नीचे महानदी में जल बहाव की मात्रा अत्यधिक बढ़ सकती है। बैराज के ऊपर और नीचे महानदी में मछली पकड़नाए फसल लगाना एवं नहाना सख्त मना है। यदि सर्वसाधारण या अन्य किसी के द्वारा सूचना का पालन नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में होने वाली जनधन की हानि होने पर जल संसाधन विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# एनएच 43 मार्ग को सुगम बनाने विभाग कर रहा निरंतर कार्य

## पत्थलगांव से कुनकुरी तक सड़क मरम्मत कार्य किया जा रहा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

एनएच 43 के सड़क मार्ग को सुगम बनाने विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। पत्थलगांव से कुनकुरी तक सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ है। पत्थलगांव शहरी भाग तालाब से एफसीआई गोदाम तक 1820 मीटर फोर लेन का निर्माण कार्य किया जा रहा है।






जिसमें तलाब से आगे सब ग्रेड व जेएसबी कार्य प्रगति पर है। आवागमन सुगम बनाने के लिए बीटी पैच मरम्मत कार्य बंदरचूआ से डुगडुगीया कुनकुरी तक सड़क मरम्मत कार्य किया जा रहा है। एन एच 43 के उप अभियंता अशोक शेसर ने बताया की मरम्मत कार्य टी बी सी एल शहडोल द्वारा किया जा रहा है। जिसमें फ रसाकानी मरम्मत कार्य प्रगति पर है।

# कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के संबंध में ली बैठक

## गोबर खरीदी एवं वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने में प्रगति लाने दिए निर्देश


जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना की समीक्षा लेकर गोबर खरीदी, खाद बनाने की प्रगति और विक्रय के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, सभी जनपद पंचायत सीईओ और कृषि विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने सभी जनपद सीईओ को गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सोसायटी के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट खाद का विक्रय प्राथमिकता से करने के लिए कहा है। इस दौरान उन्होंने जानकारी देते



### बारिश से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा

हुए बताया कि शासन द्वारा जारी डेल्टा रैंकिंग में जशपुर जिला 77.4 फीसदी अंक के साथ पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि इस रैंकिंग को बरकरार रखने और रैंकिंग को बढ़ाने के लिए सभी और मेहनत करने की जरूरत है। बारिश के मौसम को देखते हुए वर्मी खाद और गोबर को बचाने सुरक्षित रखने के लिए उचित व्यवस्था करने के लिए कहा। ताकि गोबर खरीदी एवं वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने का कार्य प्रभावित ना हो। उन्होंने कहा कि गौठानों में नियमित निगरानी रखते हुए एल्टीएक्टीविटी कार्य में तेजी लाने लाए। कलेक्टर ने गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट खाद का भुगतान भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रीपा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए बनाए जा रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर अन्य गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए।



सफलता की कहानी

# सुराजी गांव योजना से महिलाएं घर कि जिम्मेदारी उठाने के साथ दूसरों के लिए बन रही प्रेरणास्रोत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



सुराजी ग्राम योजना के माध्यम से आज ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के साथ रोजगार के अवसर खुल रहे है। जिससे ग्रामीण महिलाएं भी घर संभालने के साथ ही अपनी मेहनत के दम पर स्वयं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है, साथ ही अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है।

महिला सशक्तिकरण का उदाहरण देखने को मिला जिले के विकासखंड पुसौर में ग्राम लिजीर गोठान में, इस गोठान के सफल संचालन हेतु तारिणी महिला स्व-सहायता समूह एवं तुलसी स्व-सहायता समूह द्वारा वर्मी उत्पादन एवं केंचुआ पालन एवं कार्य किया जा रहा है। दोनों समूह द्वारा गोठान प्रारंभ से अब तक कुल वर्मी उत्पादन 945.50 क्विंटल किया गया हैं एवं विक्रय किया गया है। जिसका लाभांश राशि लगभग साढ़े 3 लाख रुपये से अधिक प्राप्त हुआ हैं। वही समूह द्वारा एक एकड़ में मूंगफली उत्पादन से लगभग साढ़े 6 लाख रूपये का लाभांश प्राप्त हुआ है।

साथ ही बाड़ी कार्यक्रम के तहत आलू व प्याज उत्पादन से 20 हजार रुपये का लाभ मिला है। तुलसी स्व-सहायता समूह की कुमारी बरेठ ने बताया कि लिंजिर गोठान में दो समूह कार्यरत है, जिनके द्वारा वर्मी उत्पादन, आलू, प्याज, मूंगफल्ली उत्पादन किया जा रहा है, जिससे समूह की महिलाएं अच्छी आय अर्जित कर रही है। तारिणी स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष सेवती बारीक बताती है कि समूह के महिलाओं की मेहनत का परिणाम है की गोठान में विभिन्न गतिविधियों से समूह के सदस्यों को लाभ हो रहा है।

इसी प्रकार उत्तरा बरेठ ने बताया कि वे अर्जित आय से सिलाई मशीन एवं बक्सा खरीद चुकी है, उनके साथ सुलोचना ने भी सिलाई मशीन खरीदी है। ललिता ने टीवी तथा संतोषी ने कूलर क्रय किया है। उन्होंने बताया कि गोठान के गतिविधियों के माध्यम से अतिरिक्त आय प्राप्त होने से जरूरत एवं अन्य सुविधाएं जुटाने में सहायता मिल रही है।



# दिव्यांगों को बहुत दूर जाने की जरूरत न पड़े हम उन तक पहुंचे ये हो हमारा लक्ष्य-कलेक्टर

## गौठानों में तैयार गोबर पेंट उठाव के दिये निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने विगत समय सीमा की बैठक में दिये गये निर्देश के परिपालन में समस्त विभागों से कार्यों की प्रगति जानकारी लेते हुए उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपसी समन्वय बनाकर जिले के प्रगति के लिए कार्य करें। उन्होंने लक्ष्य अनुसार कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग करने और कार्यों में प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कर उसकी अद्यतन जानकारी जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देष दिये। साथ ही उन्होंने समस्त जिला अधिकारियों को अपने विभाग की समीक्षा करने के निर्देष दिये। बैठक में कलेक्टर ने समस्त निर्माण ऐजेंसियों को टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने आरईएस निर्माण एजेन्सी कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल खुलने से पहले समस्त कार्यों का पूर्ण करा लें। उन्होंने आरईएस विभाग को जिले के समस्त कार्यों की समीक्षा कर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देष दिये। छोटे-छोटे कार्यों को समय सीमा से पहले पूर्ण करने का लक्ष्य बनाये तभी आप कार्यों को समय पर कर पायेंगे। उन्होंने नगरीय निकाय तथा नगर पंचायतों में पानी की समस्या को दूर करने के लिए नगर पालिका के सीएमओ को पानी की टंकी लगाने के निर्देष दिये। उसके लिए उन्होंने जनसंख्या के आधार पर स्थाई टंकी की व्यवस्था करने के साथ ही समय-समय पर टेंकर के माध्यम से पानी टंकियों को भरने के लिए नगर पंचायत के सीएमओ को निर्देशित किये। उन्होंने बजट में शामिल कार्यो समीक्षा करते हुए समस्त विभाग को रिमाइडर भेजने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत ईकेवायसी करने निर्देश दिये। कृषि विभाग द्वारा चलाये जा शिविर की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से विभाग द्वारा सकारात्मक केसीसी, आधार सीडिंग, बीज उठाव, रासायनिक खाद उठाव, वर्मी खाद उठाव, लैड सीडिंग की पूर्ति जितनी होनी चाहिए उतनी नहीं हो पा रही है। उन्होंने इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार तथा गांवों में मुनादी कर लोगों का जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले मिलेट मिशन के कार्यों को चालू करने के निर्देष भी दिये। उन्होंने कृषि विस्तार अधिकारीवार केसीसी बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों से विभाग अंतर्गत कुल पद रिक्तियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि भर्ती के निर्देष प्राप्त हुए उसके अनुसार भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ करने निर्देश दिए हैं। समाज कल्याण विभाग को राशन कार्ड, नि:शक्तजन कार्ड बनाने तथा जिस विभागों से दिव्यांगों का योजना का लाभ मिलता है। उसके लिए दिव्यांगों का चिन्हांकन कर विभागों से योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। दिव्यांगता प्रमाण पत्र के साथ-साथ पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य विभाग के योजनाओं का भी प्रचार-प्रसार करने के निर्देष दिये।

*उन्होंने बताया कि दिव्यागों को बहुत दूर न जाना पड़े बल्कि हम उनके पास जाकर योजनाओं का लाभ दिलाये ये हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने गोबर पेंट की समीक्षा करते हुए सभी एसडीओ को गोबर पेंट उठाव के निर्देष दिये। अभी बसदेई, कुदरगढ़ तथा केशवनगर गौठान में प्रर्याप्त मात्रा में गोबर पेंट का भण्डार है। सभी इकाईओं से पेंट खरीदने के निर्देष दिये। समस्त एफआर, ग्राम में जो पट्टे बटे हैं उनको समस्त विभागों की योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देष दिये। कलेक्टर ने समस्त जनपदों में हॉट बाजार के माध्यय से मॉडल हॉट-बाजार बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने रोड वाले हॉट बाजारों को प्राथमिकता देते हुए पहले बनाने के निर्देश दिये।*

जोहार छत्तीसगढ़



## सुदीप्तो सेन करेंगे सुब्रत रॉय की बायोपिक का निर्देशन




सुदीप्तो सेन पिछले कुछ समय से अपनी फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो अपनी रिलीज के 5 हफ्ते बाद भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। अब निर्देशक ने सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक सुब्रत रॉय पर बायोपिक बनाने की घोषणा कर दी है। सहाराश्री नाम की इस फिल्म का पहला लुक जारी कर दिया गया हैं। हालांकि, अभी फिल्म में मुख्य अभिनेता कौन होगा, इसका ऐलान नहीं हुआ है। 10 जून को बिजनेस टाइकून रॉय के जन्मदिन के मौके पर निर्माता संदीप सिंह और डॉ. जयंतीलाल गडा ने सहाराश्री के लिए निर्देशक सेन के साथ हाथ मिलाया है।



## ये करते हैं जज रैप सॉन्ग समाज के दोहरे मानकों की बात करता हैं: शर्लिन चोपड़ा

**एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा का कहना है कि उनका रैप सॉन्ग ये करते हैं जज समाज के दोहरे मानकों के बारे में बहुत कुछ बताता है। कहा जाता है कि यह गाना निरंतर और लगातार कड़े निर्णय पर आधारित है, जो एक्ट्रेस को अपने अपरंपरागत करियर और जीवन विकल्पों के कारण झेलना पड़ा है।**

यह पूछे जाने पर कि क्या उनका रैप सॉन्ग कोई चौंकाने वाला खुलासा करेगा, 34 वर्षीय एक्ट्रेस ने जवाब दिया, यह आपको पता लगाना है! मेरा अपकमिंग रैप सॉन्ग हमारे समाज के दोहरे मानकों के बारे में बहुत कुछ बताता है। यह आसान नहीं है। खुद पर विश्वास करना आसान नहीं है।

मेरे रैप म्यूजिक वीडियो का मूल खुद पर विश्वास के साथ जीवन को बेहतरीन बनाने पर आधारित है। रैप गाने के बारे में जानकारी साझा करते हुए, शर्लिन कहती हैं, रैप गाना जिसे मुंबई के बाहरी इलाके में शूट किया गया है, स्पीड और स्वैग के साथ मुझे यकीन है कि यह युवाओं द्वारा बेहद पसंद किया जाने वाला है!

मैंने रैप सॉन्ग और इसके म्यूजिक वीडियो में अपना दिल और आत्मा झोंक दी है! मैं इस रैप सॉन्ग के लिए फिट रहने के लिए वर्कआउट रूटीन का पालन कर रही हूं।

## मस्तराम फेम केनिशा अवस्थी के बोल्ड लुक ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा, मिनटों में वायरल हुई फोटो

***मस्तराम वेब सीरीज में इंटिमेट सीन्स का तड़का लगाने वाली एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो अक्सर इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरों के कारण लाइमलाइट में रहती हैं।***

*एक्ट्रेस जब भी अपने लुक्स फैंस के बीच शेयर करती हैं तो लोगों की आखें खुली की खुली रह जाती हैं। हाल ही में केनिशा अवस्थी ने अपने बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में वो बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी हमेशा अपनी बोल्डनेस और सेक्सी अंदाज के कराण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी की फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगी हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर की ब्रालेट और डेनिम शॉर्ट्स पहना हुआ है। केनिशा अवस्थी अपने इस लुक में परफेक्ट टोंड बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए बेहद ही सेक्सी पोज देती हुई नजर आ रही हैं। अपने बालों को स्टाइलिश लुक में बांध कर और साथ ही मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बताते चले कि एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर कॉमेंट्स और लाइक्स करते हैं। एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो पहली बार हंसमुख वेब सीरीज में नजर आई थीं। इसके बाद केनिशा एमएक्स प्लेयर की सबसे बोल्ड सीरीज मस्तराम में दिखाई दी।*



## जरा हटके जरा बचके ने पकड़ी रफ्तार, बाकी फिल्मों की कमाई में भी उछाल




बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों जरा हटके जरा बचके का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। फिल्म ने पहले हफ्ते में अच्छी कमाई की तो अब दूसरे हफ्ते में इसने रफ्तार पकड़ ली है। इसके अलावा, द केरल स्टोरी और स्पाइडर मैन: अक्रॉस द स्पाइडर वर्स की कमाई में भी वीकेंड पर बढ़त देखने को मिली है, वहीं इस हफ्ते रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म ट्रांसफॉर्मर्स: राइज ऑफ द बीस्ट इन्हें टक्कर दे रही है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी जरा हटके जरा बचके एक फैमिली ड्रामा है, जो 2 जून को रिलीज हुई थी। फिल्म ने शुक्रवार को 3.42 करोड़ रुपये कमाए थे तो अब शनिवार को कलेक्शन बढ़ा है और अब यह जल्द 50 करोड़ के क्लब में भी शामिल हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के 9वें दिन 5.76 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है और अब इसकी कुल कमाई 46.53 करोड़ रुपये हो गई है। जरा हटके जरा बचके में सारा अली खान और विक्की कौशल की जोड़ी को पहली बार देखा गया है। फिल्म में दोनों ने इंदौर के एक मिडिल क्लास कपल, कपिल और सौम्या का किरदार निभाया है, जो अपने बड़े परिवार के साथ छोटे से घर में रहते हैं। ऐसे में दोनों साथ में समय नहीं बिता पाते और इसी के चलते तलाक लेने का फैसला लेते हैं ताकि सरकारी आवास योजना का लाभ उठाकर उन्हें शहर में घर मिल जाए।

## ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित होगी भूमि पेडनेकर और नवाजुद्दीन की अफवाह

नवाजुद्दीन सिद्दीकी और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म अफवाह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। सुधीर मिश्रा द्वारा निर्देशित, राजनीतिक थ्रिलर का उद्देश्य अफवाह फैलाने वालों को कम करना और नकली समाचारों के प्रसार से निपटना है। अफवाह सिनेमाई रूप से समृद्ध है और इसमें एक मनोरंजक कहानी भी शामिल है। फिल्म में राजनीतिक शक्ति, मीडिया का काला पक्ष, भ्रष्टाचार और लोभ जैसे तत्वों को दर्शाया गया है। इन विषयों को निर्देशक सुधीर मिश्रा ने उपदेशात्मक न होते हुए बहुत सूक्ष्म तरीके से आत्मसात किया है। फिल्म में अप्रत्याशित मोड़ और मोड़ निश्चित रूप से दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे और यह जल्द ही नेटफ्लिक्स पर शुरू होने वाली है।




## रणबीर कपूर की एनिमल का प्री-टीजर जारी, एक्शन अवतार में नजर आए अभिनेता




रणबीर कपूर पिछले काफी समय से अपनी फिल्म एनिमल को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है, जिसमें रणबीर का एकदम अलग अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म से अभिनेता का पहला लुक सामने आने के बाद से ही प्रशंसकों में इसको लेकर उत्सुकता थी। ऐसे में अब संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म का प्री-टीजर जारी हो गया है, जो एक्शन से भरपूर है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने रणबीर की एनिमल का प्री-टीजर ट्विटर पर साझा किया है। प्री-टीजर की शुरुआत चेहरे पर मास्क और हाथ में कुल्हाड़ी लिए लोगों के साथ होती है, जिसके बाद पंजाबी गाना बजता है और रणबीर उनकी ओर आते हुए दिखाई देते हैं। इसके बाद बड़े बाल, दाढ़ी, सफेद कुर्ता और लुंगी पहने अभिनेता जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आते हैं, वहीं पंजाबी गाना इसे और भी शानदार बना रहा है। एनिमल एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो कबीर सिंह के बाद संदीप के निर्देशन में बनी उनकी दूसरी हिंदी फिल्म होगी।

# खेल

क्या अब विराट-रोहित युग से आगे बढ़ने का समय है

## दोनों की कप्तानी में ICC के 6 टूर्नामेंट खेले, ट्रॉफी एक भी नहीं जीती

**ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकतरफा अंदाज में हारने के बाद भारतीय टीम और इसकी लीडरशिप पर उठ रहे सवाल और भी मजबूत हो गए हैं।**



रोहित शर्मा का ICC टूर्नामेंट में बतौर कप्तान प्रदर्शन

| | |
|---|---|
| टी-20 वर्ल्ड कप 2022 | सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ हार |
| वर्ल्ड टेस्ट | चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार कप 2021 |

विराट कोहली और रोहित शर्मा पिछले एक दशक से ज्यादा समय से भारतीय क्रिकेट के दो सबसे बड़े स्टार हैं। साल 2016 के बाद हुए 6 ICC टूर्नामेंट में भारत ने इनकी कप्तानी में शिकरत की है, लेकिन कामयाबी किसी में भी नहीं मिली। इन दोनों से पहले टीम के लीडर महेंद्र सिंह धोनी थे। उनकी अगुआई में भारत ने 3 ICC ट्रॉफी जीतीं। आखिरी खिताबी जीत 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आई थी। इसके बाद से ही भारत का ट्रॉफी कैबिनेट खाली है। धोनी अपनी कप्तानी के आखिरी तीन साल में कोई खिताब नहीं जिता पाए थे। उनके जाने के बाद भारतीय फैंस ने उम्मीद जताई थी कि विराट कोहली के आने से ट्रॉफी का सूखा खत्म होगा। कोहली के बाद यह आस रोहित शर्मा से बंधी लेकिन दोनों ही खिताबी कामयाबी हासिल नहीं कर पाए। इस खबर में हम जानेंगे कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का बतौर कप्तान किस टूर्नामेंट में कैसा परफॉर्मेंस रहा। यह भी जानने की कोशिश करेंगे कि 2023 वनडे वर्ल्ड कप से पहले क्या कप्तान बदला भी जा सकता है?

### विराट की कप्तानी में दो फाइनल हारे

बतौर कप्तान मैच जीतने के लिहाज से कोहली का रिकॉर्ड शानदार रहा है, लेकिन वे टीम को बड़े टूर्नामेंट में कामयाब नहीं बना पाए। विराट ने 213 इंटरनेशनल मैचों में भारत की कप्तानी की और 135 में टीम जीती। सिर्फ 60 में हार का सामना करना पड़ा।

3 मैच टाई, 11 ड्रॉ और 4 नो रिजल्ट रहे। जीत और हार का औसत 2.250 रहा। यानी उनकी कप्तानी में भारत ने जितने मैच गंवाए उसके दोगुने से भी ज्यादा जीते। हालांकि, कोई ICC टूर्नामेंट का खिताब जीतना कप्तान विराट के लिए सपना ही रह गया। हां, जूनियर लेवल पर उन्होंने अंडर-19 वर्ल्ड कप जरूर जीता है। 2017 में इंग्लैंड में हुआ चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट बतौर कप्तान विराट का पहला ICC टूर्नामेंट था। इसके फाइनल में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ करारी शिकस्त मिली।



विराट कोहली की कप्तानी में भारत

टेस्ट : 68 मैच | 40 जीत | 17 हार | 11 ड्रॉ

| वनडे : 95 मैच | T20I : 50 मैच |
|---|---|
| 65 जीत \| 27 हार \| 1 टाई | 30 जीत \| 16 हार \| 2 टाई |
| 2 नो रिजल्ट | 2 नो रिजल्ट |

ट्रॉफी : अंडर-19 वर्ल्ड कप (2008)

### एक नजर

## डब्ल्यूटीसी में हार के साथ ही कई खिलाड़ियों के करियर पर छाए संकट के बादल

कई खिलाड़ियों का टीम से बाहर होना तय!

**नईदिल्ली** । विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हारकर भारतीय टीम ने अपने फैंस को निराश कर दिया है। सबको इस बार फाइनल में जीत की उम्मीद थी, लेकिन दूसरी बार भी टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा है। पिछली बार न्यूजीलैंड और इस बार ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम का सपना तोड़ दिया है।



ऐसे में इस हार के साथ ही कई खिलाड़ियों की टीम से छुट्टी भी हो सकती है। रिपाटर्स के अनुसार ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारत के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में 209 रन की बड़ी जीत हासिल की है। लेकिन इस जीत के साथ ही कई भारतीय खिलाड़ी अब मेनेजमेंट के निशाने पर है।

इन खिलाड़ियों में सबसे पहला नाम उमेश यादव का है, इस मैच में उन्होंने 2 विकेट लिए है इस प्रदर्शन के बाद उनका बाहर जाना तय है। इसके साथ ही स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा भी बुरी तरह से फ्लॉप रहे। पहली पारी में 14 तो दूसरी में उन्होंने 27 रन बनाए।

## जोकोविच ने रचा इतिहास, फाइनल में जीत के साथ ही राफेल नडाल को छोड़ा पीछे



**नईदिल्ली** । फ्रेंच ओपन फाइनल में सर्बिया के महान खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने इतिहास रच दिया। उन्होंने फाइनल मैच जीतने के साथ ही अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करवा दिया। जानकारी के अनुसार अब जोकोविच सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।

आपको बता दें की उन्होंने फ्रेंच ओपन के फाइनल में रविवार को कैस्पर रूड को मात दी। सर्बिया के जोकोविच ने मुकाबले में 7-6, 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की। वह नडाल से एक खिताब आगे और अब टेनिस को अलविदा कह चुके रोजर फेडरर तीन खिताब आगे हो गए हैं। जोकोविच ने ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया है।

रिपोर्ट की माने तो जोकोविच को तीसरी बार फ्रेंच ओपन चैंपियन जीतने का गौरव प्राप्त हुआ है। वह इससे पहले 2016 और 2021 में भी खिताब जीत चुके हैं।

## डेनवर नगेट्स ने NBA लीग का टाइटल जीतकर इतिहास रचा, पहली बार विजेता बनी

फाइनल में तीन बार की चैंपियन मियामी हीट को हराया

डेनवर नगेट्स ने मंगलवार को नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (NBA) लीग का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। अमेरिका के डेनवर के बॉल एरिना में खेले गए फाइनल मैच में टीम ने मियामी हीट को 94-89 से हराया।

डेनवर नगेट्स साल 1967 से चैंपियनशिप में हिस्सा ले रही है, लेकिन यह पहली बार है जब उसने ट्रॉफी जीती है। बता दें, मियामी हीट ने तीन बार NBA ट्रॉफी जीती है।



### लॉस एंजिल्स लेकर्स लीग की सबसे सफल टीम

लॉस एंजिल्स लेकर्स और बोस्टन सेल्टिक्स लीग की सबसे सफल टीमें हैं। इन दोनों टीमों ने 17-17 बार लीग का खिताब जीता है। गोल्डन स्टेट वारियर्स सात ट्रॉफी के साथ तीसरे नंबर पर है। शिकागो बुल्स छह और सैन एंटोनियो स्पर्स पांच बार चैंपियन बनी है। मियामी हीट ने मैच का पहला क्वार्टर 24-22 से जीता था। पहले क्वार्टर में डेनवर नगेट्स ने भी आक्रामक खेल दिखाया लेकिन दो पॉइंट्स से पीछे रही। दूसरे क्वार्टर में मियामी हीट फिर हावी रही और 27-22 के स्कोर के साथ बाजी मारी। मैच का तीसरा क्वार्टर डेनवर नगेट्स ने 26-20 से जीता। मैच के चौथे क्वार्टर में डेनवर नगेट्स ने मियामी हीट पर दबाव बनाए रखा और मैच का चौथा क्वार्टर जीत लिया।

## 2023 सत्र से हटे चीन के शीर्ष धावक सू बिंगटियन

**बीजिंग** । चीन के शीर्ष धावक सू बिंगटियन ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 2023 सीजन से हटने की घोषणा की। मौजूदा एशियाई 100 मीटर रिकॉर्ड धारक बिंगटियन ने एक बयान में कहा कि उन्होंने इस साल की विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप और हांग्जो एशियाई खेलों से बाहर होने और स्वास्थ्य कारणों से 2023 सत्र से हटने का फैसला किया है। उन्होंने ट्वीट किया, एक 34 वर्षीय स्प्रिंटर के रूप में चोटों और महामारी के बाद शारीरिक स्थिति में गिरावट ने मेरी तैयारी में मुश्किलें ला दी हैं। मेरी टीम ने मेरे लिए परीक्षाओं और परीक्षणों की एक श्रृंखला आयोजित की है और सक्रिय रूप से विभिन्न स्रोतों से सलाह मांगी है। उन्होंने कहा, अपने करियर को लंबा करने के लिए, मुझे आराम करने और समायोजन करने के लिए इस साल की प्रतियोगिताओं को छोड़ना होगा। लेकिन मैं अपने सपनों का पीछा करना बंद नहीं करूंगा। आगे, मैं सक्रिय रूप से ठीक होना जारी रखूंगा और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह से तैयारी करूंगा। 100 मीटर स्पर्धा में 9.83 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ सु ओलंपिक में इस श्रेणी में पांचवें सबसे तेज धावक हैं।



# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ साल में भारत को विश्व गुरू बनाने की ओर तेजी से आगे बढ़ाया-फग्गन सिंह कुलस्ते

### पत्थलगांव में आयोजित लोकसभा स्तरीय आमसभा को किया संबोधित

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। रक्षा,कृषि,उपकरण,विज्ञान के क्षेत्र में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहा है। केन्द्र सरकार की 9 साल की उपलब्धियों की सूची लंबी है। वहीं,छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार,धान का कटोरा कहे जाने वाले इस प्रदेश को भ्रष्टाचार और पिछड़ेपन के गर्त मे ढकेल दिया है। स्थिति इतनी बुरी है कि प्रदेश में लोगों सुगमता से आवाजाही करने के लिए सड़के भी उपलब्ध नहीं है। शराब बंदी की शपथ लेने वाले कांग्रेसी नेताएशराब से मिलने वाले राजस्व में भ्रष्टाचार करएअपने जेब भरने में लगे हुए है। उक्त बातें केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कही। वे पत्थलगांव में आयोजित लोकसभा स्तरीय आमसभा को संबोधित कर रहे थे। इस आमसभा का आयोजन,केन्द्र सरकार के नौ साल पूरा होने पर,पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महासंपर्क अभियान के तहत आयोजित किया गया था। केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने पत्थलगांव मंडी प्रांगण में हुए जन सभा मे मुख्य रूप से छतीसगढ़ राज्य में भ्रष्टाचार में बढ़ता कदम और विकास में पिछड़ते राज्य की ब्यवस्था की बात करते हुए अपनी बात की शुरुआत की उन्होंने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने छतीसगढ़, झारखंड,और उत्तराखंड राज्य की कल्पना की थी और उसे पूरा भी किये उसी तरह आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे भारत मे विकास की उच्चाइयो में देश पहुचा है। हमने विकास को हर क्षेत्र में पहुंचाया है। पर छत्तीसगढ़ राज्य में भुपेष बघेल ने राज्य की पूरी ब्यवस्था ही खराब कर दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 16 लाख मकान बना कर दिए है। हर घर तक नल जल योजना से घर तक पानी पहुंचा रहे हैं। हमने 9 लाख पचास हजार गैस कनेक्शन दीया है। हमने 9 वर्ष में जो काम किया है। वो आप सभी के सामने है। सभी जानते है। कि नरेंद्र मोदी की विदेश नीति में हम बहुत आगे बढ़ चले है। आज हमारी बाते



सुनी जाती है। विदेशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत की तरफ देख रहे है। आज ये जो मान सम्मान और प्रतिष्ठा भारत के हर नागरिक की बनी है। वो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही बनी है। हम बहुत जल्द ही रायगढ़ को हवाई सेवा से जोड़ कर क्षेत्र के लोगो की सुविधा देने वाले है। ट्रेन में अनेक सुविधा वंदे भारत के रूप में देश को दिए है। आज साढ़े चार वर्ष के भुपेस सरकार के कार्यकाल को देखिए और 15 वर्ष के रमन सिंह के कार्यकाल को देखिए आप को खुद समझ मे आजयेगा की हमारी पार्टी किस तरह लोगो के हित मे कार्य करती है। हम सभी के विकास के लिए कार्य करते है।

### पचास लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

पत्थलगांव में आयोजित आमसभा के दौरान,केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री कुलस्ते के समक्ष 50 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। केन्द्रीय मंत्री ने फूलमाला पहना कर नव प्रवेशित सदस्यों का पार्टी में स्वागत किया। उन्होनें कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के साथ,भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां परिवारवाद के लिए कोई जगह नहीं है।

अपनी मेहनत और योग्यता की बूते पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता,पार्टी के बड़े पद तक पहुंच सकता है। आमसभा को पूर्व सांसद रणविजय सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, लोकसभा सहप्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला सह प्रभारी भरत सिंह सिसोदिया ने



भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया एवं आभार जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने किया।

आमसभा में केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, पूर्व सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव, पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, रायगढ़ लोकसभा प्रभारी कृष्ण कुमार राय, सह प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जशपुर जिला भाजपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, पूर्व विधायक सत्यानंद राठिया, शिवशंकर साय पैंकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, जशपुर जिला महामंत्री द्वय भरत सिंह, मुकेश शर्मा, रायगढ़ जिला महामंत्री अरूणधर दीवान, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष रवि भगत, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद, सुनीति राठिया, जिला सह प्रभारी भरत सिंह सिसोदिया, देवेंद्र प्रताप सिंह, टीकाराम पटेल, अरुण राय, शांता साय, हरपाल सिंह भाभरा, राजकुमार अग्रवाल,सुनील अग्रवाल, पुरषोत्तम सिंह, उपेन्द्र यादव, सालिक साय, हरजीत सिंह भाटिया, फैजान सरवर खान, वरुण जैन, यशप्रताप सिंह जूदेव, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, लिनव राठिया, राधेश्याम राठिया, रामनाथ बैगा, विनय पाण्डेय, गोविंद भगत, आनंद शर्मा, मनीष अग्रवाल, अंकित बंसल,अवधेश गुप्ता, अनिल मित्तल, गणेश जैन, सलोने मिश्रा, डॉ.बीएल भगत, भुनेश्वरी बेहरा,अंजू टोप्पो, रोशन साय, रूप सिंह राठिया, नरेश यादव, सुनील,सुरेश साहू सहित रायगढ़ लोकसभा के भाजपा पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारी की बैठक ली

राजस्व अधिकारियों को विभागीय प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में लंबित प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के दिए निर्देश। प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों एसडीएम, विभागीय अधिकारियों को सीएम घोषणा पर प्राथमिकता से अमल करने के निर्देशित दिए है। साथ ही आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ समय पर निराकरण करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सीएम घोषणा की जानकारी लेते हुए अपूर्ण घोषणाओं को जल्द-जल्द पूरी करने के लिए कहा है। उन्होंने राजस्व की लंबित प्रकरण, बटांकन, सीमांकन, नामांतरण, आरबीसी 6.4 के प्रकरण, मुआवजा वितरण, भू-अर्जन के प्रकरण, खाता विभाजन, स्वेच्छा अनुदान और भूमि.आबंटन समीक्षा किए और आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए साथ ही राजस्व से संबंधित प्रकरण का समय सीमा में निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर सभी एसडीएम और राजस्व अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को समय-सीमा में राजस्व के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### कुनकुरी में हाउस टू हाउस सर्वे के संबंध में प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कुनकुरी विकासखण्ड में हाउस टू हाउस सर्वे के संबंध में शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय में बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कुनकुरी तहसीलदार नागेश तांजय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ ऐप के माध्यम से हाउस टू हाउस सर्वे का प्रशिक्षण मोबाइल के माध्यम से दिया गया। साथ ही अन्य तकनीकी समस्याओं के संबंध में जानकारी दी गई और समस्या का निराकरण करने के लिए समक्ष में बताया गया। इस दौरान सहायक कानूनगो के द्वारा सभी बीएलओ को नवीन मतदाता सूची एवं फार्म 6,7, 8 का वितरण किया गया। प्रशिक्षण में तहसीलदार कुनकुरी के द्वारा सभी बीएलओ को सफलतापूर्वक सत्यापन पूर्ण करने के बाद सर्वे का प्रमाण पत्र एवं आवश्यक सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के बारे में दिशा.निर्देश दिया गया।

### जनहानि के 1 मामलें में प्रभावित परिजनो हेतु 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत सन्ना विकासखण्ड के ग्राम मैना निवासी स्व. अनुज राम की सर्पदंश से 21 अगस्त 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के माता सिरमईत हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

# गर्डर नहीं हटने से चक्रपथ की ऊंचाई बढ़ाने का काम हो रहा प्रभावित, कलेक्टर

### सिन्हा ने रेलवे अधिकारियों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर सिन्हा ने समय-सीमा की बैठक में चक्रपथ पर ऊंचाई बढ़ाने के कार्य की समीक्षा की। ईई पीडब्ल्यूडी ने बताया कि काम शुरू कर दिया गया है। किंतु रेलवे द्वारा गर्डर वहां केलो नदी के बीच में और किनारे पर रखे गए हैं। जिसके कारण काम बाधित हो रहा है। रेलवे के अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा भी की गई है, किन्तु अभी तक गर्डर हटाने की पहल नहीं की गई है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रेलवे के संबंधित अधिकारियों को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह जनसुविधा से जुड़ा मामला है इसमें विलंब उचित नहीं है। कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में कई स्थानों पर बोर हुए है, कोई भी बोर खुला ना रहे। सभी बोर को खुदाई के पश्चात ढंक दिया जाए, जिससे किसी



प्रकार की दुर्घटना न हो। पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आये है। अत: इसमें विशेष सतर्कता बरतते हुए सघन जांच अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि पीएचई के अधिकारी सुनिश्चित करें कि जहां पर भी बोर खुदाई हुई है वह खुदाई के पश्चात ढंका हुआ है। कलेक्टर सिन्हा ने सभी सीईओ जनपद पंचायतों को सचिवों के माध्यम से गांवों में इसका भौतिक सत्यापन करवाकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को प्राथमिकता से इस कार्य के विशेष मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर सिन्हा ने राजस्व मामलों को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि पटवारियों की अनुपस्थिति से तहसील कार्यालय में राजस्व से जुड़े प्रकरणों के निराकरण में लोगों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से भी आय व जाति प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए दिशा-निर्देश जारी हुए है। सारे एसडीएम व तहसीलदार सुनिश्चित करें कि इन कार्यों के लिए लोगों को भटकना ना पड़े। उन्होंने इसके साथ ही नामांतरण बंटवारा के प्रकरणों का निपटारा भी करते रहने के निर्देश दिए है। कलेक्टर सिन्हा ने लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा कर जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के कार्यों की धीमी प्रगति को लेकर कलेक्टर सिन्हा ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी करने के काम में तेजी लाएं। साथ ही जहां काम चल रहा है वहां गुणवत्ता की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग के काम काज की भी समीक्षा की।

*उन्होंने हाट-बाजार क्लिनिक संचालन के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही तालाब गहरीकरण के प्रगति की भी समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने मुकडेगा और छाल के तहसील कार्यालयों के निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, डीएफओ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ विभाग निर्वाचन से जुड़े कार्यों की तैयारी करें शुरू कलेक्टर सिन्हा ने बैठक के दौरान निर्वाचन कार्यों के संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा की।*

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

### आग से सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाने एवं दुकानों का निरीक्षण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने जिले में सीएम द्वारा किए गए घोषणाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति, पेंशन, राशन कार्ड, कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण सहित सभी विभागों के लंबित टीएल प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के लिए कहा। साथ ही शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास के कार्यो में व्यक्तिगत रुचि लेकर आमजनों को राहत पहुचाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर, सभी एसडीएम एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी विभाग के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा किए। उन्होंने सभी विभाग के लंबित प्रकरणों को समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने माननीय मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान की गई घोषणाओं के पूर्ण-अपूर्ण कार्यों की जानकारी ली तथा शेष कार्यों को समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने दूरस्थ क्षेत्र में स्थित गांव में हितग्राहियों को राशन लेने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने आपदा विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि आग से सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएं एवं दुकानों का निरीक्षण किया जाएं।

# पत्रकार वार्ता में लगाया आरोप घोटालों का मुखिया बघेल-नारायण चंदेल

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

**विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल कार्यकर्ताओं से मिलने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस मनेंद्रगढ़ पहुंचे। कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद मीडिया के सामने बयान जारी करते हुए वर्तमान कांग्रेस की सरकार पर घोटालों के आरोपो की झड़ी लगाते हुए बताया छत्तीसगढ़ सरकार इन दिनों घोटालों की सरकार बन चुकी है।**



कोयला घोटाला, गौठान घोटाला जिसमें आप जाकर गौ माताओं की वास्तविक स्थिति को देख सकते हैं, उसके बाद शराब घोटाला, खाद्यान्न घोटाला, एक महा घोटाला पीएससी, जिसमें 1 लाख से अधिक नौजवानों के भावनाओं के साथ घोटाला किया गया है। पीएससी के चेयरमैन के सारे रिश्तेदार पास हो गए क्या छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी है। केवल आईएएस और आईपीएस के बच्चे ही पास हुए हैं अगर ऐसा है तो 1 से 20 के भीतर तक के सभी प्रथम प्रतिभागियों की जांच होनी चाहिए सच्चाई खुद.ब.खुद निकलकर सामने आ जाएगी।

अभी घोटालों के नाम बाकी है गोबर घोटाला में आरोप लगाया कि आने वाले समय में सरकार यह ना कह दे कि गोबर बरसात में बह गया। शराब घोटाले के मामले में नारायण चंदेल कहा कि छत्तीसगढ़ घोटालों की मार्गदर्शक बन चुकी है। शराब घोटाले को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री ने अपनी टीम छत्तीसगढ़ में भेजे थे और यहां से वह भी ट्रेनिंग लेकर गए हैं। सरकार की कोई नई उपलब्धि नहीं है जो भी पूर्व सरकार के कार्यकाल में भूमि पूजन हुए थे आज उन्हीं का श्रेय सरकार ले रही है मानो किसी के बच्चे को अपना ड्रेस पहना कर मेरा बच्चा बोलने वाली सरकार है। सरकार के साडे 4 साल से अधिक समय हो चुके हैं और बहुत से कार्यों को लेकर अभी तक प्रशासनिक स्वीकृति भी नहीं मिल पाई है। छत्तीसगढ़ की सरकार कोरोना काल में दवा पहुंचाने की जगह दारू की होम डिलीवरी शुरू कर दी थी। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा के कार्यकर्ता और मीडिया कर्मी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# यश साहू हत्याकांड पर पुलिस की जांच टीम पर उठ रहे सवाल साहू समाज ने सीबीआई जांच की मांग

### *साहू समाज की महिला,पुरुष सैकड़ों की संख्या में बिलासपुर कलेक्टर पहुंच मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया*

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

रतनपुर थाने का मामला अभी ठंडा भी नही हुआ था की पुलिस की कार्यशैली एक बार फर सवालों के घेरे में है इस बार सिरगिट्टी थाने की कार्यशैली संदेह के घेरे में है। बताते चलें की मामला त्रिकोणी प्रेम प्रसंग का था सरगुजा क्षेत्र अंतर्गत लखनपुर के साहू परिवार का बेटा यश साहू बिलासपुर कोचिंग करने के लिए आया कोचिंग में ही उसकी दोस्ती एक लड़की से हुई और दोनो आपस में बातचीत करने लगे जिसकी जानकारी उसके प्रेमी को नगावर गुजरने लगी उसने कोचिंग में आकर युवक को धमकी भी दी प्रेमी ने यश साहू को बात करने के बहाने बुलाकर अपने दो साथियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए उसकी हत्या कर दी पुलिस के बताए अनुसार पर बात क्या इतनी सी ही है तो फिर पुलिस द्वारा प्रेस वार्ता में पत्रकारों के द्वारा किए गए सवालों का जवाब क्यू नही दे पाई। जैसे जब पत्रकारों द्वारा पूछा गया की जिस ऑटो में बैठाकर




यश साहू को साई मंदिर के पास छोड़ावाया गया उस आटो वाले से पुछ ताछ क्यू नहीं की गई। यश साहू हत्या कांड में प्रयुक्त कार क्रमांक सीजी 10 एजे 0261 का लाश को ठिकाने लगाने में हुआ था उक्त कार के मालिक और कार चालक की गिरफ्तारी क्यू नही गई और कार चालक के मालिक विजय कुमार शर्मा का राहुल नामदेव से क्या संबंध है। ऐसे कई सवाल है जिसका जवाब देने से पुलिस बच रही है। यश साहू हत्या कांड में ऐसे ही कई सवाल अब भी मुहबा खड़े है, घटना वाले दिन जब मृतक के पापा से उसकी बात हुई तो इसका लोकेशन क्या था। उसके साथ उस मोबाइल लोकेशन में और कौन-कौन था। घटना के एक दिन पहले और

**यश साहू हत्या कांड में लाश को ठिकाने लगाने में प्रयुक्त कार के मालिक,विजय कुमार शर्मा और कार चालक की गिरफ्तारी क्यू नहीं**

घटना वाले दिन मृतक का फोन किसके किसके संपर्क में था। कोचिंग वाले वीडियो में वो बात करते निकल रहा है। कोचिंग से हाथ में डालकर उसको ले जाने वाला लड़का कौन था। उसका मोबाइल किसके किसके संपर्क में था। मृतक यश को पहले दिन और उसके बाद किस किस लोकेशन में ले जाकर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। इसका लोकेशन पुलिस को बताना चाहिए। वो लड़की की क्या भूमिका है जो कोचिंग सेंटर में उससे बात करती थी क्या हत्या वाले दिन लड़की एवम उसके परिवार के सदस्यों का मोबाइल लोकेशन चेक किया गया। हत्या वाले दिन आरोपियो के साथ कितने लोग मारपीट में शामिल थे क्या आरोपियो का कॉल डिटेल मैसेज और लोकेशन निकाला गया है। मृतक को अगर मारपीट करने के बाद किसी आटो में बिठाकर भेजा गया तो ऑटो चालक कहा हैं। क्या उस आटो चालक का बयान लिया गया है। घटना वाले दिन मंगलवार के बाद जिस संदिग्धों को सिरगुट्टी थाना लाया गया था। उसके साथ कौन कौन थाना आया था। और थाने के बाहर कार में एसी चलाकर रात से कौन सफेद कलर की कार में बैठा था।

मृतक के काले रंग की कार से दिनदहाड़े दोपहर 1-2 बजे के बीच गुंबर पेट्रोल पंप में फेंकने के बाद आरोपी आखिर उस काली रंग की कार में घूमते रहे पुलिस उनको कैसे छोड़ रही है। उस काले रंग की कार में ही मृतक यश साहू के बिलासपुर स्थित माकान मालिक के साथ गए हार्दिक बंसल को मोबाइल दिया गया। जबकि उसके पहले कार में बैठे हत्या के आरोपी अपना लोकेसेन उसी सिरगिट्टी थाना के आस पास के गांव में और कभी बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन बता रहे थे। वो कौन लोग थे जो हत्या के बाद काले रंग की कार में मृतक का मोबाइल हार्दिक बंसल नामक छात्र को रेलवे स्टेशन साई मंदिर के पास देकर फरार हो गए थे। क्या पुलिस ने उन कार सवार से पूछताछ या गिरफ्तारी की।

### परिवार के लोगों ने पुलिस की जांच से असंतुष्ट होने की बात कही है

*मृतक यश साहू के रिश्तेदार बिलासपुर आएं हुए है उन्होंने पुलिस की जांच से संतुष्ट नही होने की बात करते हुए कहा की ये हत्या तीन लोग नही कर सकते है इसमें और भी लोग शामिल हैं जिसकी जांच पुलिस नहीं कर रही है उनसे किसी कागज में हस्ताक्षर करने को कहा गया लेकिन उन्होंने नही किया परिवार के सदस्य उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहे है।*

# भ्रष्टाचार करने से फुर्सत मिले तो विधायक और महापौर चिरमिरी की जनता सहित निगम कर्मचारियों की सुधि लें- पूर्व विधायक जायसवाल

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

भ्रष्टाचार करने से फुर्सत मिले तो विधायक और महापौर चिरमिरी की जनता सहित निगम कर्मचारियों की सुधि लें पायेंगे। उक्त बाते पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने भाजपा चिरमिरी मंडल के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व निगम घेराव के दौरान उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा की सेनेटाइजर, राशन, कोयला, कबाड़, अवैध बार संचालन और तो और विधायक के भाई के द्वारा बिना रोड बनाए ही रोड निर्माण की राशि का गबन कर लिया गया है। पूरा परिवार केवल एक सूत्रीय कार्य केवल अवैध रूप से अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने में लगा हुआ है। ऐसे विधायक और महापौर क्षेत्र के जनमानस से जुड़े जनहित के मुद्दों के प्रति गैरजिम्मेदार होना कोई अतिश्योक्ति नहीं है। एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमे मनेंद्रगढ़ नगर पालिका में पेयजल से तरस रहे अमजानो को विधायक बोलते है की नगर पालिका के कर्मचारियों को झाड़ू से पीटो पुलिस कुछ नही करेगी। अरे विधायक जी आप हर जगह घूमते है और कहते है की हमने घर घर पेयजल पहुंचा दिया है, फिर क्षेत्र के लोग शुद्ध पानी के लिए क्यू तरस रहे है। अरे निगम के छोटे कर्मचारियों का इसमें क्या दोष है? दोष है तो आपका है अपने कागजों में काम दिखा दिया जमीनी स्तर पर कोई काम नही हुआ। क्षेत्र में चल रहे नल जल योजना अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता पर प्रश्न खड़े हो रहे हैं, जलापूर्ति जीआई पाइप का निर्धारित मानक से कम गेज-वजन का होना पाया जा रहा है। साथ ही सतही जमीनी में उसे लगभग 2 फीट नीचे दबाए जाने की अपेक्षा मात्र 6 इंच खोद कर दबाया जा रहा है। इसके साथ ही पाईप लाईन विस्तार का कार्य पूर्णता में काफी विलंब हो रहा है, कांग्रेस की भ्रष्ट प्रदेश व निगम सरकार को आज साढ़े 4 साल बीतने को है लेकिन घर घर पेयजल पहुंचाने की इनकी कोई मंसा नजर नहीं आ रही है। चिरमिरी क्षेत्र में नगर निगम के द्वारा मटमैला और दूषित पेयजल आपूर्ति विगत डेढ़ माह से निरंतर किया जा रहा है। गंदा पानी मिलने के कारण क्षेत्र के आम जनता को कई तरह की तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। आंखिर नगर निगम को पानी शुद्ध करने के लिए जो भी सामग्री करोड़ों की मिल रही है उसका इस्तेमाल कहा हो रहा है, क्या कागजों में ही केवल पेयजल शुद्धि के सामग्रियों का खरीदी हो रहा है। नगर पालिक निगम के विभिन्न विभागों में रीड की हड्डी के रूप में कार्य करने वाले ठेका मजदूरों का वेतन भुगतान मार्च से जून 2023 का वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। जिसके कारण मजदूरों के परिवारों के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। क्या निगम कंगाल हो चुका है जो कर्मचारियों के पेमेंट नही कर पा रही है। श्री जायसवाल ने आगे कहा की विधायक के भाई डामर प्लांट लगाए है उनको रोजगार देने के लिए सभी तरफ डामरीकरण का टेंडर किया गया। लेकिन उसमे भी भ्रष्टाचार करने से ये नही चूक रहे है निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर डामरीकरण कार्य बेहद गुणवत्ता विहीन किया गया है निर्धारित मानकों के अनुरूप न तो डामर का उचित मात्रा प्रयोग किया गया और न ही निर्धारित स्तर पर डामरीकरण का लेवल, साथ ही नियम विरुद्ध रूप से सीसी रोड के ऊपर भी डामरीकरण कार्य किया जाना पाया गया है। इस तरह का भ्रष्टाचार निगम और जनप्रतिनिधि के बीच बड़े घोटाले की ओर इशारा कर रहा है, जिसकी उचित जांच किया जाना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा है की नगर निगम चिरमिरी के कांग्रेस महापौर और सभापति बहुमत के साथ विराजमान हैं, जिसके कारण भाजपा के पार्षदों के वार्डो में किसी प्रकार के विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। जितनी भी योजना निगम के माध्यम से चलाई जा रही हैं उसका लाभ केवल कांग्रेसी पार्षद के वार्डो को ही मिल रहा है इस प्रकार विकास कार्यों में भेदभाव पूर्ण रवैया कभी भाजपा की 15 साल की सरकार में नही हुआ। मुझे काफी दु:ख होता है की इसी मुद्दे पर वार्ड क्रमांक अट्ठारह के पार्षद द्वारा आत्मदाह की चेतावनी भी निगम को दी गई है।



लेकिन महापौर का अड़ियल रवैया कायम है, काम नही होने देने का यह कृत्य काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके साथ ही निगम अंतर्गत आने वाले वृद्धा व विधवा पेंशन के हितग्राहियों को महीनों का इंतजार को करना पड़ रहा है।

*इसके उपरांत सैकड़ों की संख्या में उपस्थिति महिलाओं और पुरषों ने निगम का घेराव करते हुए जमकर विधायक और महापौर के खिलाफ नारेबाजी की गई। जिसके बाद निगम कमिश्नर सुश्री लवीना पाण्डेय ने भाजपा के द्वारा की गई मांगो पर जानकारी प्रदान की गई साथ ही उन्होंने कहा की मांगो का 15 दिवस में निराकरण कराया जायेगा। साथ ही भ्रष्टाचार की जो बात संज्ञान में आयी है उनकी जांच की जायेगी।*

# भाजपा द्वारा सभी नए पुराने कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



**एकजुट और संकल्पित होकर कार्यकर्ता कर रहे दायित्व निर्वहन - कृष्ण बिहारी जायसवाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश आह्वान और भाजपा अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के मार्ग दर्शन में आज कोरिया जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में 2 बजे से शुरू होगा। बता दें की भाजपा जिला महामंत्री विनोद साहू ने बताया की कोरिया जिले में जबसे भारतीय जनता पार्टी की कमान कृष्ण बिहारी जायसवाल को मिली है। तब से उनके और उनकी टीम के द्वारा अपने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी दायित्व को पहली प्राथमिकता में रखते हुए पार्टी के लिए समर्पित और एकजुट होकर लक्ष्य के लिए संकल्पित रहने की प्रेरणा देने का कार्य किया जाता रहा है। जिसके मद्देनजर भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल कोरिया जिले के समस्त भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के काफ ी पसंदीदा और करीबी माने जाते हैं। कृष्ण बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा के सभी नए पुराने और किन्ही कारणों से उपेक्षित जनों को सदैव एक साथ एकजुट रखने की बात को ही जोर दिया जाता रहा है। इसी संबंध में भारतीय जनता पार्टी कोरिया द्वारा और कृष्ण बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में अपने सभी कार्यकर्ताओं के सम्मान हेतु कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे मुख्य रूप से लोकसभा संयोजक योगेश लांबा, चंपा देवी पावले,पूर्व कैबिनेट मंत्री भईया लाल राजवाड़े,जिला संगठन प्रभारी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव,सह प्रभारी परमेश्वरी राजवाड़े,विधानसभा प्रभारी चिंटू राजपाल,भाजपा जिला महामंत्री विनोद साहू,और पंकज गुप्ता उपस्थित रहेंगे।

# श्रमिकों के नाम पर फर्जी हाजिरी से अनियमितता करने वाला ग्राम रोजगार सहायक पद से पृथक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही और जानबूझकर अनियमितता करने वाले व्यक्ति पर त्वरित कार्यवाही सुनिष्चित की जाएगी। जीरो टालरेंस की दिषा में एक कड़ा कदम लेते हुए आरोपी ग्राम रोजगार सहायक को पद से पृथक करने के निर्देष जारी किए हैं। इस कार्यवाही के संबंध में विदित हों कि ग्राम पंचायत सारा में जनचैपाल में ग्रामीणों ने एक षिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार सहायक द्वारा गलत तरीके से मस्टररोल निकाले जाते हैं और अनुपस्थित रहने वाले श्रमिकों को भी फर्जी हाजिरी का लाभ दिया जा रहा है। जिला स्तर से उक्त शिकायत की जांच सही पाए जाने पर ग्राम रोजगार सहायक को पद से पृथक कर दिया गया है। उक्त संबंध में जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत सारा में मनमोहन सिंह ग्राम रोजगार सहायक के पद पर कार्यरत था। इस दौरान उसने कई अनियमितताएं की जब ग्रामीणों ने इस बात की शिकायत की तो जिला स्तर से जांच दल गठित कर पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई गई। जांच अधिकारियों ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि उक्त ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक ने अपने पद का दुरुपयोग कर ग्राम सारा में अपनी पत्नी के नाम पर जाब कार्ड जारी कराया फिर उसे फर्जी हाजिरी का लाभ दिया। इसके बाद कई श्रमिकों को भी कार्य किए बिना मजदूरी राशि का लाभ दिलाया गया। जांच में यह भी पाया गया कि उक्त रोजगार सहायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से भी लाभ दिलाने के नाम पर राशि ली गई। साथ ही श्रमिकों को उनके आवास बनाने के लिए मिलने वाली 95 दिवस का रोजगार और मजदूरी का लाभ भी नहीं दिलाया गया। जांच के दौरान कर्तव्यों में लापरवाही और जानबूझकर की गई अनियमितताओं के कारण ग्राम रोजगार सहायक मनमोहन सिंह को पद से पृथक करने की कार्यवाही की गई है।

# कोई भी स्कूल नहीं होना चाहिए एकल शिक्षकीय-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**जिले का कोई भी स्कूल एकल शिक्षकीय नहीं होना चाहिए। जिन स्कूलों में ऐसी स्थिति है वहां तत्काल दूसरे शिक्षकों की व्यवस्था करें। स्कूल प्रारंभ होने के पश्चात यह शिकायत नहीं आनी चाहिए।**

उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कही। कलेक्टर सिन्हा ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि जिले के ऐसे स्कूल जो एकल शिक्षकीय है, उन्हें चिन्हांकित करें तथा वहां अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहे।



बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने अनुविभागवार स्कूल निर्माण कार्यों की समीक्षा की। काम के धीमे स्पीड को लेकर उन्होंने ईई आरईएस पर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि मैन पॉवर बढ़ाकर स्कूलों का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करवायें। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक सारे कार्य पूर्ण कर कर लिए जाएं। गौरतलब है कि जिले के डेढ़ हजार से अधिक स्कूलों में लगभग 130 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के साथ आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्ष का निर्माण भी किया जा रहा है। बैठक के दौरान काम के क्वालिटी को लेकर कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि बच्चों से जुड़े काम में कही गुणवत्ता की शिकायत नहीं आनी चाहिए। काम में कही भी कोताही मिली तो संबंधित के ऊपर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी एसडीएम से बारी-बारी उनके अनुविभाग में चल रहे कामों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र के बीईओ एवं प्रिसींपल की मीटिंग लेकर उनके स्कूलों में चल रहे कार्य की समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों के निर्माण के संबंध में ईई पीडब्ल्यूडी से जानकारी ली व काम में तेजी लाने के लिए कहा।

कलेक्टर सिन्हा ने नये शिक्षा सत्र के पूर्व सभी स्कूलों में बच्चों के लिए शाला गणवेश व किताबें अनिवार्य रूप से पहुंच जाये यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रवेशोत्सव पर बच्चों को यह किताबें व गणवेश वितरित किया जाना है। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा, एसडीएम रायगढ़ श्री गगन शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, सहायक संचालक के.के.स्वर्णकार, डीएमसी नरेन्द्र चौधरी, ईई पीडब्लूडी ी आर.के.खाम्बरा, ईई आरईएस एल.एल.चौहान सहित सभी अनुविभाग के एसडीएम व आरईएस के एसडीओ उपस्थित रहे।

# शाला-प्रवेशोत्सव की रखें पूर्व तैयारी

जोहार छत्तीसगढ़ -एमसीबी।

**कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में जिले के सभी प्राचार्यों की समीक्षा बैठक सोमवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल मनेद्रगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की गई।**




बैठक में कलेक्टर दुग्गा ने शाला प्रवेशोत्सव पर चर्चा करते हुए कहा की 16 जून से स्कूल प्रारंभ होने वाला है। 16 जून से पहले स्कूलों में मरम्मत, साफ़ सफ़ाई जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान हो जाना चाहिए। शाला प्रवेशोत्सव प्रत्येक स्तर पर धूमधाम से मनाना है। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंच-सरपंच, पालक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य और स्व-सहायता समूह के सदस्यों को शामिल करना है। स्कूल स्तर पर जो बच्चे पढ़ाई छोड़ रहे हैं उनके घर घर जाकर उन्हें नियमित शाला आने के लिए प्रेरित करना है। सभी गाँवों में शत-प्रतिशत छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित करना है। प्रत्येक विद्यालय में किचन गार्डन विकसित कर मौसमी फल और सब्ज़ी लगाना है। कलेक्टर दुग्गा ने मुख्य रूप से लक्ष्य आधारित शिक्षा पर ध्यान देने कहा। उन्होंने बच्चों के शिक्षण क्षमता का विकास करने के लिए प्रत्येक सप्ताह टेस्ट लेने के निर्देश दिये। विद्यालयों में पुस्तकालय और प्रयोगशाला का व्यवस्थित संचालन करना है।

समीक्षा बैठक में एसडीएम मनेंद्रगढ़ अभिषेक कुमार, ज़िला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा तथा सभी प्राचार्य उपस्थित थे।

# लक्ष्य से अधिक, कुल 155 अमृत सरोवर कार्य पूर्ण, 15.5 लाख घन मीटर जल होगा संचित - डॉ आशुतोष

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



आजादी के अमृत पर्व के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित मिशन अमृत सरोवर में कोरिया एवं एमसीबी जिले में लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन किया है। दोनों जिले के अंतर्गत कुल 150 अमृत सरोवर बनाकर तैयार किया जाना निर्धारित किया गया था उसके विरूद्ध अब 155 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यह जल संचयन के परंपरागत स्त्रोत अब बारिश के दौरान लाखों लीटर जल संचय करने को तैयार हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह और कलेक्टर एमसीबी नरेन्द्र दुग्गा के कुषल मार्गदर्षन में कोरिया एंव एमसीबी जिले के सभी जनपद पंचायतों में निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य से अधिक कार्य पूर्ण करा लिया गया है। डॉ आषुतोष ने आगे बताया कि आजादी के अमृतकाल के दौरान केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत तालाबों के नवनिर्माण व पुनरूद्धार कराए जाने के निर्देष व लक्ष्य प्राप्त हुए। लक्ष्य निर्धारण के पूर्ण अमृत सरोवर चयन के मानक निर्देष भी जारी किए गए जिसमें कम से कम एक एकड़ क्षेत्रफल की अनिवार्यता रखी गई थी। इसी आधार पर कुछ पुराने तालाबों के नवीनीकरण के साथ कुछ जगहों पर नए तालाबों की संरचनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि इन सभी कार्यों के लिए 30 मई की समय सीमा का निर्धारण करते हुए तेजी से कार्य कराया गया जिसके परिणाम स्वरूप जिला पंचायत कोरिया ने लक्ष्य से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है। डॉ आशुतोष ने बताया कि मानक क्षेत्रफल के अनुसार एक अमृत सरोवर की जल भराव क्षमता 10 हजार घन मीटर है। इस मानक के अनुसार महात्मा गांधी नरेगा के तहत बने हुए 155 अमृत सरोवरों में 15 लाख 50 हजार घनमीटर से ज्यादा जल संचय किया जा सकेगा। यह अपने आप में एक बड़ी मात्रा है। जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि गत सप्ताह राज्य स्तर से अधिकारियो ने आकर जिले में बने अमृत सरोवरों का निरीक्षण किया और सभी को मानक के अनुरूप पाया है। दोनों जिलों के सभी अमृत सरोवरों में अभी से यूजर ग्रुप और उपयोग करने वाले महिला समूहों का चिन्हांकन कार्य भी कर लिया गया है। ग्रामीण जनों के सामान्य निस्तार, सिंचाई की व्यवस्था के अलावा इन अमृत सरोवरों में मछली पालन का कार्य भी कराया जाएगा। इससे एक ओर स्थानीय सुपोषण को बल मिलेगा वहीं दूसरी ओर महिलाओं के आर्थिक उन्नति की राह भी मजबूत होगी। उन्होने आगे बताया कि इतनी बड़ी मात्रा में जल भराव से आस पास का जलस्तर भी बढ़ेगा और सभी अमृत सरोवरों के तट पर बड़ी मात्रा मे बरगद, पीपल और नीम जैसे महत्वपूर्ण पौधों की प्रजाति का रोपण भी किया जाएगा इसके लिए सभी रोपण एजेंसियो को प्रषासकीय स्वीकृति भी प्रदान की जा रही है।

## एक नजर

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का हुआ समापन

**जिला पंचायत सीईओ ने तैराकी बैडमिंटन और ताई[ ड़ो में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों प्रमाण पत्र देकर किया उत्साह वर्धन**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा की उपस्थिति में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस दौरान सीईओ मिश्रा ने तैराकी बैडमिंटन और ताईक्वाड़ो में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन की ओर से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण 13 मई से 13 जून 2023 तक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में पीटीआई के माध्यम से तैराकी, हांकी, बैडमिंटन, ताईक्वाड़ो का प्रशिक्षण दिया गया।

# जिला पंचायत सीईओ ने बालाछापर और घोलेंग में रीपा के कार्यो का अवलोकन किया

**शेष कार्य को पूर्ण करने के दिए निर्देश**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा ने बालाछापर और घोलेंग गौठान में रीपा कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने रीपा के तहत् चल रहे मल्टीएक्टीविटी कार्य का निरीक्षण करते हुए रीपा के शेष कार्य को पूर्ण करने के लिए कहा साथ ही अन्य गतिविधियों को प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जनपद सीईओ, आरईएस विभाग के अधिकारी, सरपंच एवं सचिव उपस्थित थे।

# डाक सेवा की नई स्कीम के तहत महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र से अब महिला कर पाएगी वित्तीय सुरक्षा को मजबूत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

डाक सेवा महिलाओं के लिए नयी योजना के अंतर्गत महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र के जरिए नारी सशसक्ति्तकरण के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जा रही हैं। जिसके लिए केन्द्रीय बजट 2023.24 में वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महिला सम्मान बचत पत्र 2023 को दिनांक 31 मार्च 2023 को राजपत्र में अधिसूचित किया है यह योजना का क्रियान्वयन 1 अप्रैल 2023 से संपूर्ण देश के समस्त 1.59 लाख डाकघरों के माध्यम से देश की नारी शक्ति को एक वन टाईम सेविंग स्किीम के जरीये प्रमुख तरीके से प्रदान की जा रही हैं। इस योजना का लाभ लेने हेतु कोई भी भारतीय बालिका, महिला डाकघर में अपना खाता न्यूनतम 1000 एवं 100 के गुणांक में, अधिकतम 2 लाख से, खाता खुलवा सकते हैं। साथ ही इस योजना में चक्रवृद्धि ब्याज से देयक राशि 7.5 प्रतिशत दर महिलाओं के लिए देय हैं। खातों की संख्या की कोई सीमा नहीं हैं। एक खाता खोलने के तीन माह पश्चात ही दुसरा खाता खोलवाया जा सकता हैं। नई स्कीम के तहत खाता खुलवाने हेतु 31 मार्च 2025 नजदीकी डाकघर में अपना केवाईसी के जरीये सारा जानकारी प्रविष्ट कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

## सोल्ड और बिना नंबर बाइक को निशाना बनाया करता था शातिर बाइक चोर

# बाइक चोरी पर कापू पुलिस की बड़ी कार्यवाही, चोरी की 07 मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-कापू।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा.निर्देशन पर कापू पुलिस द्वारा धरमजयगढ़, कापू, पत्थलगांव आसपास के क्षेत्र में सक्रिय शातिर बाइक चोर सुलेमान टोप्पो निवासी गणपतपुर रैरूमाखुर्द को रायमेर अटल चौक के पास चोरी की बाइक बेचने ग्राहक तलाश करते समय मुखबीर सूचना पर पकड़ा गया है। आरोपी सुलेमान टोप्पो के पास से कापू पुलिस द्वारा चोरी की 7 मोटरसाइकिलें बरामद किया गया है जिसे आरोपी द्वारा ग्राम रायमेर के पास जंगल में छिपा रखा था। जानकारी के मुताबिक थाना कापू में पदस्थ प्रधान आरक्षक प्रदीप गहलोत,



श्याम दास महन्त हमराह आरक्षक अपराध विवेचना, शिकायत जांच और वारंटी पतासाजी पर देहात पेट्रोलिंग पर थे। ग्राम रायमेर में कापू स्टाफ को मुखबीर से सूचना मिला कि रायमेर अटल चौक के पास एक व्यक्ति काफी कम दामों में बाइक बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। संभवत: व्यक्ति चोरी की बाइक रखा है। सूचना पर तत्काल कापू स्टाफ द्वारा थाना

**धरमजयगढ़, कापू, पत्थलगांव में था सक्रिय चोर**

प्रभारी कापू निरीक्षक आरएस नेताम को सूचित कर संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए युवक अपना नाम सुलेमान टोप्पो पिता मान साय टोप्पो उम्र 30 साल निवासी गणपतपुर पिपर डुगरू चौकी रैरूमाखुर्द थाना धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ का होना बताया जिससे मोटर सायकलों के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर सुलेमान टोप्पो द्वारा विगत कुछ महीनों में धरमजयगढ़, चाल्हा, पत्थलगांव व अन्य विभिन्न स्थानों से सोल्ड व बिना नंबर मोटरसायकलों की चोरी कर रायमेर के जंगल में छुपा कर रखना बताया। आरोपी के मेमोरेंडम पर चोरी की 07 मोटर सायकल कीमत करीब 3,20,000 का जब्त कर आरोपी सुलेमान टोप्पो द्वारा चोरी की संपत्ति रखे जाने के युक्ति युक्त संदेह पर थाना कापू में धारा 41+14 सीआरपीसी 79 आईपीसी की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं एसडीओपी धर्मजयगढ़ दीपक मिश्रा के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर आरोपी गिरफ्तारी एवं माल मशरूका की बरामदगी में थाना प्रभारी कापू निरीक्षक आरएस नेताम, प्रधान आरक्षक प्रदीप गहलोत, श्याम महंत, आरक्षक विजयन राठिया, दिलेश कुमार चंद्रा की प्रमुख भूमिका रही है।

# कोर्ट में जवाब देने से बचने जारी किया सम्मिलन आदेश-हरिचरण अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

राज्य शासन अपने द्वारा जारी आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में होने वाले सुनवाई में जवाब देने से बचने कलेक्टर के माध्यम से सम्मिलन के लिए आदेश जारी करवाया गया है। उक्त बातें कहते हुए भाजपा धरमजयगढ़ के पूर्व महामंत्री हरिचरण अग्रवाल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेस राज में चारों तरफ भ्रष्टाचार छाया हुआ है। जिसका उदाहरण नगर पंचायत धरमजयगढ़ अध्यक्ष पद पर भावना महेश जेठवानी को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किए



जाने छत्तीसगढ़ शासन का आदेश है। विधि विरुद्ध आदेश जारी करने के खिलाफ नगर पंचायत उपाध्यक्ष टारजन भारती ने हाई कोर्ट में याचिका दायर किया था। जिसमें शासन को पार्टी बनाया गया था। जिन्हें कोर्ट में जवाब देना था। लेकिन कोर्ट में जवाब देने शासन के पास कोई विधि सम्मत कोई ठोस कारण नहीं होने के कारण सम्मिलन के लिए आदेश जारी किया गया है। ताकि कोर्ट की फटकार से बच सकें। कांग्रेस सरकार में किस हद तक नियम विरुद्ध कार्य होते हैं इस घटना से प्रमाणित हो गया। अग्रवाल ने कहा कि जब पूरे छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय उपचुनाव के लिए 2 जून को अधिसूचना जारी हो गया है। जबकि अध्यक्ष का पद 18 मार्च को रिक्त हो चुका है। शासन को पहले ही इस बात को संज्ञान में लेना चाहिए था।

# छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने पीएससी में घोटाला करके अपने लोगों को उपकृत कर प्रतिभाशाली युवाओं के साथ किया अन्याय

जोहार छत्तीसगढ़ - कुसमी।

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने पीएससी में घोटाला करके अपने लोगों को उपकृत कर प्रतिभाशाली युवाओं के साथ अन्याय किया है। ये बातें पत्रकारों से बातचीत में युवामोर्चा के जिला प्रभारी अंकुश सिंह ने कही। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक व पूर्व विधायक विक्रम मोहले,अमितेष आर्य उपस्थित थे।

अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला युवामोर्चा प्रभारी अंकुश सिंह ने आगे कहा कि प्रतिभाशाली युवा अच्छे प्रशासनिक पोस्ट को प्राप्त करने सालों साल मेहनत करते हैं उनकी मेहनत व काबलियत को नेता व



अधिकारियों के पुत्र पुत्रियों को उपकृत करने दरकिनार कर दिया गया। अधिकारी के बेटे के नाम से सरनेम हटा दिया गया। बेरोजगारों को भत्ता के नाम पर संख्या को कम से कम करने के उद्देश्य से तमाम औपचारिकताओं को पूरा करने तरह तरह के नियम लगाकर परेशान किया गया है। अंकुश सिंह ने पीएससी परीक्षा परिणाम की उच्च स्तरीय जांच कराकर परिणाम रद्द कर फिर से परीक्षा लेने,आयोग के अध्यक्ष को तत्काल निलंबित करने तथा उनके कार्यकाल की जाँच कराने की मांग शासन से की है। इन सब बातों को लेकर प्रदेश युवामोर्चा 19 जून को युवामोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगा। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, राजेंद्र वैष्णव,पूर्व विधायक विक्रम मोहले,युवामोर्चा जिला महामंत्री अमितेष आर्य,करण सिंह, यश गुप्ता,कोटूमल दादवानी,सुनील सोनी,मनोहर मोहले तथा जिला मीडिया प्रभारी सुनील पाठक, विधानसभा मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह, सह प्रभारी सुनील लखवानी उपस्थित थे।

## एक नजर

### अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवाओं कों मिलेगा ड्रायविंग प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार, बेरोजगारी भत्ता प्राप्त यूवक-युवितियों को छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग के अंतर्गत संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राईविंग एण्ड ट्रैफिट रिसर्च, (आईडीटीआर) के माध्यम से टू-व्हीलर, फोर-व्हीलर, हल्के वाहन एवं भारी वाहन चलाने का प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया जाना है। अत: जिले के लर्निंग लाइसेंसधारी अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार जो बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे है ऐसे युवक-युवतियों के लिए रायपुर प्रशिक्षण केन्द्रों में नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा साथ ही आवास व भोजन की व्यवस्था भी नि:शुल्क रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण के लिए कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बेमेतरा संयुक्त जिला कार्यालय के द्वितीय तल कक्ष क्रमांक 82 में अपना आवेदन पत्र 20 जून 2023 सायं 5:30 बजे तक जमा कर सकते हैं। उक्त जानकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति बेमेतरा के कार्यपालन अधिकारी ने दी।

### आम आदमी पार्टी खाद की समस्या को लेकर अनुविभागीय को ज्ञापन सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़ - बलरामपुर।




बलरामपुर जिले भर में हर एक ब्लॉक में खाद की समस्या को लेकर आज दिनांक 12/6/023 को आम आदमी पार्टी के द्वार सामरी विधान सभा के कुसमी में बलॉक अध्यक्ष रुबेन लकड़ा एवं शंकरगढ में ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद यादव एवं राजपुर ब्लॉक में शाह जफर,मनीष एक्का,शंकर भगत के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा बलरामपुर कलेक्टर को भेजा गया और मांग किया गया की खरीफ फसल के लिए बलरामपुर जिले मे खाद्य का भंडारण किया जाए। विगत कई वर्षों से किसानों को खाद्य कि कमी का सामना करना पड़ता है किसानो को किसी भी तरह की खाद्य की कमी ना हो इस लिए आम आदमी पार्टी की ओर से यह ज्ञापन भेज कर प्रशासन को सजक किया जा रहा है कुसमी से आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष इंद्रदेव नाग,शंकरगढ़ से मंजुल हक़, आरिफ, राजेश पन्ना, मोहम्मद ख़ालिद, क़ादरी रजा,उदय,यादव जैनुल,दिलीप यादव व अन्य कार्यकता मौजूद रहे।

### जेवर व पैसे का किया गबन, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर** । हीरा एवं सोने की बिक्री रकम का पैसा ना देकर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रदीप राय 54 वर्ष करोल बाग नई दिल्ली का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी एवं आरोपी संतोष सोनी के मध्य व्यापारिक संबंध था। जिससे प्रार्थी ने आरोपी को हीरा एवं सोने की जेवर बिक्री करने के लिए दिया था। जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपए के आसपास है। जिसे आरोपी ने छल बेइमानी कर ना तो जेवर वापस किया और ना ही पैसा दिया। जिससे प्रार्थी ने इसकी शिकायत कोतवाली थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 406, 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# बेमेतरा पुलिस द्वारा समाधान हेल्पलाइन नंबर का बैनर/पोस्टर के माध्यम से मारो सप्ताहिक हॉट, बाजार में आमजन को किया गया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, समाधान सेल प्रभारी डीएसपी कौशिल्या साहू, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल व एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में दिनांक 12.06.2023 को पुलिस चौकी मारो स्टाफ द्वारा मारो के सप्ताहिक हॉट/बाजार में आस - पास के ग्रामीण अंचल से आये आम नागरिकगणो को चौपाल लगाकर *समाधान हेल्पलाइन नंबर



9479257558 का बैनर/पोस्टर* के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही ग्रामवासियों को साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अन्जान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर एटीएम कार्ड नंबर एक्सपायरी डेट सीवीवी नंबर पिन नंबर ओटीपी पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें। अपना आधार कार्ड सम्भाल कर रखे एवं आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति को न बतावे। फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दे क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें। जरूरी होने पर अपने शिकायत करें। तथा नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है।

साथ ही यातायात के नियमो की जानकारी देते हुए बताया की यातायात सड़क संकेत तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता को बताया गया साथ ही कहा कि पुलिस आपकी सहायता के लिए ही है और आप पुलिस को अपना मित्र ही समझे आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है।

***इस अवसर पर पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि राजेन्द्र कश्यप, आरक्षक दीपक साहू, पुरूषोत्तम वर्मा, अजय गोयल, मनोज यादव एवं अन्य स्टाफ व आस - पास के ग्रामीण अंचल से आये आम नागरिकगण उपस्थित थे।***

# राज्य सरकार के आदेश को हाई कोर्ट ने किया निरस्त

## भावना जेठवानी हटेगी, सम्मिलन तक टारजन भारती पुनः संभाल सकते हैं कुर्सी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

नगर पंचायत धरमजयगढ़ उपाध्यक्ष टारजन भारती ने राज्य शासन के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर किया था। जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने फटकार लगाते हुए राज्य शासन के आदेश को निरस्त कर दिया है। बता दें कि नगर पंचायत धरमजयगढ़ अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद उपाध्यक्ष टारजन भारती अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इसी बीच पार्षद भावना महेश जेठवानी को कार्यवाहक अध्यक्ष के लिए राज्य शासन द्वारा आदेश जारी कर दिया गया। तब उपाध्यक्ष टारजन भारती ने इस आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका




दायर किया था। जिसमें हाई कोर्ट ने सचिव नगरीय प्रशासन विभाग, कलेक्टर, एसडीएम, सीएमओ एवं भावना महेश जेठवानी को पार्टी बनाया था। जिस पर 13 जून को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य शासन को फटकार लगाते हुए आदेश को निरस्त कर दिया है। वहीं सुनवाई से पहले ही नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव के लिए कलेक्टर ने आदेश जारी कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ डिगेश पटेल को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। जब तक अध्यक्ष का निर्वाचन नहीं हो जाता उपाध्यक्ष टारजन भारती अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

# सड़क निर्माण एवं मुआवजा प्रकरण में भ्रष्टाचार के विरोध भाजपाइयों ने किया चक्का जाम

## भाजपा नेताओं ने किसानों के मुआवजा में अनियमितता को लेकर कांग्रेस विधायक को किया बेनकाब

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के द्वारा मिशन चौक मालखरौदा में सुबह 10 बजे से चक्का जाम किया गया भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता सुबह से सड़कों पर बैठकर भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। जिला अध्यक्ष चन्दा ने कहा कि जब से कांग्रेस सरकार आई है भ्रष्टाचार के अलावा कोई दूसरा काम नहीं किया है जो रोड एडीबी के द्वारा जैजैपुर से मिशन चौक मालखरौदा एंव छोटे सीपत से नगझर होते हुऐ गोबरा तक बहुत लम्बे समय से सड़क निर्माण किया जा रहा है। इसमे अनावश्यक देरी की जा रही है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा




है। किसानों की अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में हल्के स्तर का मटेरियल उपयोग किया गया है जो कि गुणवत्ताहीन है। डामरीकरण मुरुमीकरण सी सी रोड एंव नाली निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया है तथा मुआवजा प्रकरण में भी भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा हैं । एडीबी के गॉइड लाइन एवं स्टीमेट के अनुसार काम नहीं किया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान जगह-जगह गड्ढे किये गए थे। उन गड्ढों को नहीं भरा जा रहा है। सड़क का किसी भी तरह का मेंटेनेंस भी नहीं किया जा रहा है। चंद्रपुर डभरा खरसिया मार्ग का निर्माण कार्य इतने लंबे समय तक अधुरा है और उसके निर्माण में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। हमारी मांग है कि इन सभी अनियमितताओं की उच्चस्तरीय तकनीकी विशेषज्ञों की टीम गठित करके जांच करायी जावे। इन तमाम अनिमितताओं के कारण जनता को हो रही असुविधाओंको देखते हुए भारतीय जनता पार्टी इसका विरोध करती है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस विषय में पूर्व में बताया जा चुका है। किन्तु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। राज्य के कांग्रेस सरकार के ऐसे रवैये के विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के द्वारा मिशन चौक मालखरौदा में मुख्य मार्ग पर सुबह 10 बजे से चक्का जाम आन्दोलन किया जा रहा है। आन्दोलन स्थल पर पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग की टीम सुवह से लगी हुई थी। किसी भी की घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क था पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सक्ती अपने दल वल के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के सभी मंडलों को कार्यकता संकड़ों की संख्या में धरना स्थल पर उपस्थित है जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा, संयोगिता सिंह जुदेव, जिला उपाध्यक्ष भूषण चंद्रा,पीतांबर पटेल, रंजीत अजग्ले, घनश्याम साहू,अनूप अग्रवाल, राम नरेश सिंह यादव, प्रेम लाल पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष लोकेश साहू,पूनम साहू, मंडल अध्यक्ष चंद्रकुमार चन्दा,बबलू मेथी, घरसीया राम यादव,कवि वर्मा, ई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in